www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद


दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @3 सांसद बना तो चंबल नदी से बीसलपुर को जोड़कर घर-घर रोज आएगा पानी : रामचंद्र

पेज @4 हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

पेज @8 द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट कांग्रेस ने रोका, इसे धरातल पर उतारेंगे: मंजू शर्मा

# मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोना, देशवासियों को पूरा भरोसा, कांग्रेस की गारंटी पर कांग्रेसियों को भी भरोसा नहीं : राजनाथ सिंह

## बोलें: रुपाला मामला भी सुलझा दिया जायेगा, अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित




चमकता राजस्थान।

जयपुर। (खलील कुरैशी)। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को राजस्थान के दौरे पर रहे। बीकानेर और झुंझुनूं में जनसभाओं को संबोधित करने के बाद उन्होंने जयपुर में प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोना है।

वहीं, कांग्रेस की गारंटी पर तो कांग्रेसियों को भी भरोसा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जारी कर रही थी। उस समय उनके अध्यक्ष को ताली बजाने के लिए बोलना पड़ा। मतलब साफ है कि घोषणा पत्र में जिन गारंटियों का जिक्र कांग्रेस कर रही थी। उस पर वहां मौजूद कांग्रेसियों को भी भरोसा नहीं था। उन्होंने कहा- आज पीएम मोदी की गारंटी पर देश भरोसा करता है। 2014 में देश में हताशा और निराशा का माहौल था। अर्थव्यवस्था और देश की व्यवस्था दोनों कराह रहे थे। आज मैं कह सकता हूं कि देश में ही नहीं, ब्लकि विश्व में भारत के प्रति विश्वास बढ़ा हैं।

अग्निवीर योजना में अगर किसी भी तरह के सुधार की गुंजाइश रहती है, तो सरकार उसमें सुधार करेगी। उन्होंने कहा कि हर सिस्टम में सुधार की गुंजाइश होती हैं। रक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार अग्निवीरों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ नहीं होने देगी। उन्होंने कहा अग्निवीर जब 4 साल की सर्विस पूरी करेगा तो उसके हाथ में इंटर मीडिएट का सर्टिफिकेट होगा। उन्हें पैरामिलिट्री फोर्सेज और अन्य सरकारी विभागों में भर्ती में आरक्षण भी मिलेगा। जब वो निकलेगा तो उसके हाथ में 10 से 15 लाख रुपए भी होंगे। जिससे वह अन्य कोई व्यवसाय भी कर सकता हैं।गुजरात में मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला की राजपूत समाज पर टिप्पणी करने के मामले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा यह कोई मैटर नहीं है, इसे सुलझा लिया जाएगा। हमारा कोई भी नेता जाति, पंथ मजहब पर टिप्पणी नहीं कर सकता है। बीजेपी देश में एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो जाति, पंथ और मजहब पर नहीं, बल्कि इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती हैं। गौरतलब है कि 23 मार्च को वाल्मीकि समाज के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला के क्षत्रिय समाज पर दिए गए बयान से बवाल मचा हुआ हैं। गुजरात सहित कई राज्यों में राजपूत समाज इसका विरोध कर रहा हैं। वहीं, समाज की बीजेपी से मांग है कि वह राजकोट से पुरुषोत्तम रुपाला का टिकट वापस लिया जाए। इसे लेकर राजस्थान के कई राजपूत नेता भी गुजरात पहुंचे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। आज राजपूत समाज के कई नेताओं ने भी जयपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुलाकात की।

# कांग्रेस बोल रही है टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा : मोदी




- इंडी गठबंधन भारत के एक और विभाजन करने की बात करता हैं।
- कांग्रेस के लोग सुन लें और समझ लें, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है और उसकी रक्षा हमें करनी है।
- यह वह समय है जब हम मिल कर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। भारत अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है।

नवादा/एजेन्सी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आज जोरदार हमला किया और कहा कि वह टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है और कह रही है कि राजस्थान या देश के अन्य हिस्से के लोगों का जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने से क्या वास्ता है। मोदी ने रविवार को नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान में भाषण के दौरान कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का राजस्थान या देश के अन्य हिस्सों से क्या लेना देना है। प्रधानमंत्री यहां आकर धारा 370 की बात क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह बात सुनकर उन्हें शर्म आई। क्या जम्मू कश्मीर हमारा नहीं है।

मोदी ने सख्त लहजे में कहा कि कांग्रेस के लोग सुन लें और समझ लें, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है और उसकी रक्षा हमें करनी है। बिहार, राजस्थान के साथ देश के अन्य हिस्से के अनेक नौजवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। कितने ही वीर जवान जम्मू-कश्मीर को बचाने के लिए तिरंगा में लिपट करके लौटे हैं। ऐसे शहीद जवानों के परिवार से यह पूछना कि उनका धारा 370 से क्या लेना देना, शर्मनाक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टुकड़े-टुकड़े गैंग का ही प्रभाव है कि ये लोग (कांग्रेसी) ऐसी भाषा बोलने लगे हैं। ऐसी भाषा बोलने वालों और शहीदों के अपमान करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग भारत के एक और विभाजन करने की बात करते हैं। कांग्रेस के एक नेता तो खुलेआम बयान दे रहे हैं कि वह दक्षिण भारत को अलग कर देंगे। जनता ऐसी सोच रखने वाली पार्टी को इस चुनाव में जरूर सबक सिखाएगी। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने जो काम किए हैं उसकी झलक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिल रहे जन समर्थन में दिख रही है। उन्होंने कहा, लाल किले से मैंने कहा था यही समय है सही समय है। भारत के इतिहास में कई शताब्दियों के इंतजार के बाद यह समय आया है। यह वह समय है जब हम मिल कर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। भारत अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है और इसलिए 2024 का यह चुनाव बहुत अहम हो गया है।

## फर्स्ट टेक

### प्रधानमंत्री की रैली में ग़लती के लिए ट्रोल हुए नीतीश

नवादा/भाषा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को रविवार को सोशल मीडिया पर यह भविष्यवाणी करने के लिए ट्रोल किया गया कि राजग लोकसभा की स्वीकृत संख्या से कई गुना अधिक ''चार हजार से अधिक सीटें'' जीतेगा। जदयू प्रमुख ने नवादा जिले में एक रैली में अपने संबोधन के दौरान यह गलती की, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां मौजूद थे । कुमार के भाषण का जो हिस्सा वायरल हो गया है, उसमें उन्हें खुद को सही करने से पहले ''चार लाख बोलते हुए और प्रधानमंत्री की ओर मुड़ कर चार हजार से भी ज्यादा (4000 से अधिक) कहते सुना जा सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645.6 अरब डॉलर पर

मुंबई/एजेन्सी। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में जबरदस्त बढोतरी होने से 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 642.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.62 अरब डॉलर हो गया।

### कन्नूर विस्फोट मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

कन्नूर (केरल)/भाषा। केरल के कन्नूर जिले के पनूर में हुए विस्फोट के मामले में रविवार को एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पनूर में शुक्रवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अमल बाबू डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) से जुड़ा है। अमल के अलावा दो अन्य लोगों मिथुन और शिबिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### इजराइल के दूतावास सुरक्षित नहीं : ईरान

यरूशलम/एपी। ईरान के एक शीर्ष सैन्य सलाहकार ने हाल में दमिश्क में हुए हमले के बाद रविवार को इजराइल को चेतावनी दी कि उसके दूतावास सुरक्षित नहीं हैं। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में ईरान के दो जनरल की मौत हो गई थी। हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था।

# समाज में जाति, लैंगिक आधार पर भेदभाव समाप्त किए जाएं : मोहन भागवत



वडोदरा/भाषा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में जाति और लैंगिक आधार पर भेदभाव को खत्म करने के लिए विशेष प्रयास किये जाने का रविवार को आह्वान किया।

आरएसएस प्रमुख गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां बुद्धिजीवियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस की एक विज्ञप्ति के अनुसार वह दक्षिण गुजरात के भरूच में शनिवार को एक ऐसे ही कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि 'सज्जन शक्ति' को संगठित किया जाना चाहिए और सद्भाव, पारिवारिक शिक्षा, रीति-रिवाजों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी मूल्यों की जागृति और नागरिक कर्तव्य में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

विज्ञप्ति में भागवत के हवाले से कहा गया है, ''समाज में जाति और लैंगिक आधार पर भेदभाव को खत्म करने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।'' इसके अनुसार बैठक के दौरान, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कला, साहित्य और सामाजिक परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने अपनी परियोजनाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

विज्ञप्ति के अनुसार भागवत सोमवार की सुबह गुजरात से रवाना होने से पहले रातभर अहमदाबाद में रुकेंगे।



# स्टोइनिस और ठाकुर चमके, एलएसजी की लगातार तीसरी जीत

## ■ इंडियन प्रीमियर लीग 2024

लखनऊ/भाषा। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस (58 रन) के अर्धशतक के बाद यश ठाकुर (30 रन देकर पांच विकेट) और अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

एलएसजी ने स्टोइनिस के अर्धशतक के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया।

गुजरात टाइटन्स ने शुभमन गिल (19 रन) और साई सुदर्शन (31 रन) के बीच पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत करायी लेकिन लगातार विकेट गंवाने से टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गयी। इन दोनों के अलावा राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाये।

एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किये जबकि क्रृणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। यश ठाकुर ने अपने दो ओवरों में दो दो विकेट चटकाये।

रवि बिश्नोई ने दो ओवर में आठ रन देकर अपनी ही गेंद पर एक शानदार कैच लपककर एक विकेट हासिल किया।

गुजरात टाइटन्स ने गिल ओर सुदर्शन की बदौलत पावरप्ले में तेजी से बल्लेबाजी की। लेकिन छठे ओवर की अंतिम गेंद पर गिल (19 रन) का विकेट गंवा दिया जिन्हें यश ठाकुर ने बोल्ड किया। छह ओवर बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 54 रन था।

मोहित शर्मा की जगह 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी के तौर पर उतरे केन विलियमसन पांच गेंद खेलने के बाद एक रन बनाकर आउट हुए। रवि बिश्नोई ने अपने पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर विलियमसन का शानदार कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को दूसरा झटका दिया।

नौवें ओवर में क्रृणाल पंड्या ने दोहरे झटके दिये। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन बल्ला छुआकर डीप मिडविकेट पर बिश्नोई को कैच दे बैठे। तीन गेंद बाद पदार्पण कर रहे बी आर शरथ (02) डीप स्क्वायर लेग पर आसान कैच देकर पवेलियन लौट गये।

इस तरह गुजरात टाइटन्स का 10 ओवर में स्कोर चार विकेट पर 67 रन था। फिर पंड्या ने दर्शन नालकंडे (12 रन) को अपना तीसरा शिकार बनाया।

## विपक्ष ने मौका गंवाया

# भाजपा को पूर्व व दक्षिण में बढ़त मिल सकती है : प्रशांत किशोर



नई दिल्ली/भाषा। जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को मान्य करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट एवं मत प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। कर्नाटक को छोड़कर इन दो क्षेत्रों में पार्टी बहुत कमजोर है।

किशोर ने 'पीटीआई' के संपादकों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि भाजपा के स्पष्ट प्रभुत्व के बावजूद, न तो पार्टी और न ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अजेय हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि विपक्ष के पास भाजपा के रथ को रोकने की तीन विभिन्न और यथार्थवादी संभावनाएं थीं, लेकिन आलस्य और गलत रणनीतियों के कारण उन्होंने अवसरों को गंवा दिया।

किशोर ने कहा, वह (भाजपा) तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी होगी जो एक बड़ी बात है। वह निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक होगी। उन्होंने कहा, आपको आश्चर्य होगा क्योंकि मेरी राय में पूरी संभावना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी। उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं। देश में लोकसभा की कुल 543 सीट हैं।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाजपा के अपने लक्ष्य के मुताबिक, 370 सीट जीतने की संभावना नहीं है।

# पाकिस्तान यूरोबॉन्ड के बदले एक अरब डॉलर चुकाने को तैयार

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान इस महीने के मध्य में परिपक्व वाले 10 साल के यूरोबॉन्ड के बदले एक अरब डॉलर का विदेशी ऋण चुकाने को तैयार है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से जुटाया गया कर्ज सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि वह किसी भी समय बॉन्ड चुकाने के लिए तैयार है और वित्त मंत्रालय से ऐसा करने के निर्देश मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में यूरोबॉन्ड और सुकुक्स (इस्लामिक वित्त में उपयोग किए जाने वाले बॉन्ड जैसे उपकरण) की बिक्री के माध्यम से प्राप्त ऋण सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र बदल सकता है भारत का चेहरा - राहुल गांधी

हैदराबाद(तेलंगाना)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र को 'क्रांतिकारी' करार देते हुए कहा कि यह देश का चेहरा बदल सकता है।उन्होंने कहा कि यह घोषणापत्र देश के गरीबों,किसानों,युवाओं और महिलाओं के जीवन में बदलाव ला सकता है।कांग्रेस नेता शनिवार शाम को पार्टी के चुनाव घोषणापत्र का तेलुगू संस्करण जारी करने के लिए हैदराबाद के बाहरी इलाके तुक्कुगुडा में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे,जिसका शुक्रवार को दिल्ली में अनावरण किया गया।घोषणापत्र में पांच गारंटी पर प्रकाश डालते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें देश में उसी तरह लागू किया जाएगा,जैसे पार्टी ने तेलंगाना में दी गई गारंटी को लागू किया।राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना में दिखाया है कि कांग्रेस जो भी वादा करती है,उसे पूरा करती है।उन्होंने याद दिलाया कि कुछ महीने पहले पार्टी ने उसी स्थान से तेलंगाना के लिए गारंटी जारी की थी।एआ-ईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल,तेलंगाना के लिए एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी,उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क,राज्य के मंत्री और पार्टी नेता शनिवार को जनसभा में शामिल हुए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पार्टी का घोषणापत्र भारत के लोगों की आवाज और आकांक्षाओं को दर्शाता है।

## सुविचार

**जिंदगी में कभी भी मुश्किलें आई तो शिकायत मत करना, क्योंकि भगवान मुश्किलें उसी को देता है, जो मुश्किलों से कभी हार नहीं मानता और वह इंसान भगवान का प्रिय इंसान होता है।**

# दुष्प्रचार की मंडली

प्रमुख सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का यह बयान कि 'इस साल भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका सहित जिन देशों में आम चुनाव होने हैं, वहां चीन अपने हितों को साधने के लिए एआई आधारित सामग्री का निर्माण और प्रसार कर सकता है', संबंधित देशों की सरकारों और आम जनता के लिए उल्लेखनीय चुनौती को बयान करता है। चीन के संबंध में ऐसे अनुमानों व आशंकाओं पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि इस देश का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा पड़ा है। खुराफात और दुष्प्रचार चीनी शासक वर्ग के चरित्र का हिस्सा हैं। आज जब इंटरनेट और एआई का बोलबाला है तो चीन इन्हें आजमा सकता है। जब विज्ञान ने इतनी प्रगति नहीं की थी, तब तत्कालीन चीनी नेतृत्व दूसरे तौर-तरीकों से जनमानस पर कब्जे की कोशिशें करता था। उदाहरण के लिए, जब चीन ने तिब्बत को हड़पा तो तिब्बतियों ने इसका तीखा विरोध किया था। इसके बाद चीन ने ऐसे पोस्टरों का प्रचार-प्रसार किया, जिनमें यह दावा किया गया था कि अब तिब्बत की आम जनता को पर्याप्त खाना मिल रहा है, जो पहले एक सपना ही था। पूरा देश हड़प कर रोटी देने का दावा चीन की दुष्प्रचार मंडली ही कर सकती है! चीन अपने राष्ट्रपति को भी इस तरह पेश करता है कि दुनिया की हर समस्या का समाधान उन्हीं के पास है। जब वुहान में कोरोना संक्रमण फैल रहा था, तब राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुई थीं। उनमें यह दावा किया गया था कि वे जनता का दु:ख-दर्द जानने और उसका हौसला बढ़ाने के लिए आए हैं। हालांकि इस दावे पर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे आरोप हैं कि इससे पहले यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी व्यक्ति रास्ते में कहीं दिखाई न दे। सुरक्षाकर्मियों ने हथियारों के दम पर सबको घरों में कैद कर दिया था। उसके बाद शी जिनपिंग आए और दो-चार फोटो खिंचवाकर चले गए। सोशल मीडिया में माहौल बन गया कि चीनी राष्ट्रपति कोरोना से भी नहीं डरते!

निस्संदेह एआई आधारित सामग्री से चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशें की जा सकती हैं। किसी नेता के बयान को काटकर आधा-अधूरा प्रसारित करने, फोटो के साथ ग़लत समाचार लिख देने, मनगढ़ंत बातें जोड़ देने, असत्य घोषणाएं करने, अफवाह उड़ाने, मिलते-जुलते चेहरे के साथ फर्जी वीडियो बनाने से लोगों को भ्रमित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, साल 2019 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद विभिन्न वॉट्सऐप समूहों में एक पोस्ट बहुत तेजी से वायरल हुई थी। उसमें एक खुफिया एजेंसी के कथित सर्वे का उल्लेख कर चुनाव नतीजों का दावा किया गया था। जो लोग चाहते थे कि चुनाव नतीजे ऐसे ही आएं, वे उस पोस्ट को खूब शेयर कर रहे थे। चूंकि 'खुफिया एजेंसी' का नाम दिया गया था, इसलिए लोगों ने जल्दी विश्वास भी कर लिया। हर आयुवर्ग के लोग उसे पढ़कर हाथोंहाथ आगे बढ़ा रहे थे। बाद में खुलासा हुआ कि वह सर्वे फर्जी था। बड़ा सवाल है- 'अगर खुफिया एजेंसियां सर्वे कर उसकी रिपोर्ट, वह भी आंकड़ों सहित, जनता के लिए यूं सोशल मीडिया समूहों में पोस्ट करने लग जाएं तो वे खुफिया कहां रहीं?' निश्चित रूप से ऐसी पोस्ट के पीछे खुराफाती लोग या संगठन होते हैं, जो चाहते हैं कि लोगों को भ्रमित किया जाए। इसी तरह, जब रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था तो सोशल मीडिया पर पुतिन समर्थक मीम्स की बाढ़-सी आ गई थी। उनमें रूसी राष्ट्रपति को बहुत बहादुर, देशभक्त, रूसी गौरव का रक्षक और अजेय बताया गया था। ऐसे आरोप लगाए जाते हैं कि वे मीम्स रूसी सरकार ने बनवाए थे और उन पर काफी धन खर्च किया गया था, ताकि पुतिन के पक्ष में माहौल बना रहे। इन घटनाओं से सबक लेते हुए, भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर 'नजर' रखकर भ्रामक सामग्री को निष्क्रिय करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



राज राजेश्वरी माँ कैलादेवी के पावन लक्खी मेले की आप सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं। देवी माँ सभी का कल्याण करें। सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो, मेरी यही मनोकामना है।

**-भजनलाल शर्मा**



खींवसर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिलोड़ी में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित अपनों से मत एवं समर्थन की अपील की और खींवसर विधानसभा क्षेत्र की बेटी होने के नाते खींवसर वासियों को इस लोकसभा चुनाव की कमान संभालने का भी आग्रह किया।

**-ज्योति मिर्धा**




हमारी सरकार की योजनाओं ने गरीब के जीवन को आसान बनाया है। हमने गरीब का स्वाभिमान लौटाया है, उसका गौरव बढ़ाया है। मोदी ने 10 साल में जो विकास कार्य किया है, वो सिर्फ ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे ले जाना है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# भाव से सच्चा अर्थ



चैतन्य महाप्रभु जगन्नाथपुरी से दक्षिण की यात्रा पर निकले थे। रास्ते में एक सरोवर के किनारे उन्होंने एक ब्राह्मण को गीता-पाठ करते देखा। वह गीता के पाठ में इतना तल्लीन था कि उसे अपने शरीर की सुध नहीं थी, उसका हृदय गद्गद हो रहा था और नेत्रों से आंसुओं की धारा बह रही थी। उसका पाठ समाप्त होने पर चैतन्य महाप्रभु ने पूछा, 'तुम श्लोकों का अशुद्ध उच्चारण कर रहे थे, तुम्हें इसका अर्थ मालूम न होगा, परंतु तब भी तुम इतने भाव-विभोर कैसे थे?' उसने उत्तर दिया, 'भगवान! मैं कहां जानूं संस्कृत। मैं तो जब पढ़ने बैठता हूं तो ऐसा लगता है कि कुरुक्षेत्र के मैदान में दोनों ओर बड़ी भारी सेनाएं सजी हुई खड़ी हैं। जहां बीच में एक रथ पर भगवान कृष्ण अर्जुन से कुछ कह रहे हैं। उस दृश्य को देखकर मन भाव से भर उठता है।' चैतन्य महाप्रभु ने कहा, 'भैया तुमने ही गीता का सच्चा अर्थ जाना है।' यह कहकर उन्होंने उसे अपने गले लगा लिया।


## सामयिक

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौक़ीदार चोर है के जवाब में मैं भी चौक़ीदार का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।



इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल मेहंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं।

अब ज़ब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की क़वायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

## स्वास्थ्य

# स्वस्थ्य तन-मन का राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है। मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है। समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैश्र इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 557 हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टीबी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं, जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है।

ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस्य भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फ़िट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है।

भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

## नजरिया

# नया भारत घर में घुसकर मारता है!

हाल ही में ब्रिटेन के बड़े अखबार में प्रकाशित एक लेख काफी चर्चा का विषय बना हुआ है ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने अपनी एक रिपोर्ट में पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया है कि पाकिस्तान में पिछले 2 सालों में मारे गए कम से कम 20 लोगों के पीछे भारतीय रिसर्च विंग (रॉ) का हाथ है। गार्डियन का खुलासा सही हो या गलत इस पर चर्चा तो बाद में होगी पर यह तय है कि भारत में लोकसभा चुनावों में बीजेपी के लिए बूस्टर साबित हो सकती है। पुलवामा हमले का बदला लेते हुए भारत ने फरवरी 2019 में जब पाकिस्तान के बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की, तो उसने लोकसभा चुनाव का रुख भी मोड़ दिया था। भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा हमेशा से वोटरों के लिए संवेदनशील रहा है. इसीलिए मोदी के नाम पर 56 इंच की छाती वाला जुमला गढ़ा गया हा।. पाकिस्तान में 20 आतंकियों के खात्मे पर इंग्लैंड के प्रमुख अखबार गार्डियन ने जो खुलासा किया है, वह बीजेपी के चुनाव में रंग भरने का काम करेगा।

गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हुई करीब 20 हत्याएं संयुक्त अरब अमीरात से संचालित भारतीय खुफिया एजेंसियों के स्लीपर सेल के जरिए अंजाम दिए गए। हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपये देने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय एजेंटों ने हत्याओ को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर जिहादियों को भी भर्ती किया, उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे काफिरों को मार रहे हैं। भारत ने इजरायल की मोसाद और रूस की केजीबी जैसी खुफिया एजेंसियों से प्रेरणा ली। ये विदेशी एजेंसियां विदेशी धरती पर अपना काम करने के लिए कुख्यात रही हैं। अखबार कहता है कि सऊदी पत्रकार और असंतुष्ट जमाल खशोगी जिनकी 2018 में सऊदी दूतावास में हत्या कर दी गई थी। इस घटना से रॉ के अधिकारियों ने प्रेरणा ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बैठक में कहा कि अगर सउदी ऐसा कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं? रिपोर्ट के अनुसार जमाल खशोगी की हत्या के कुछ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस बात पर बहस हुई थी कि इस मामले से कैसे कुछ सीखा जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार बैठक में कहा गया कि 'सऊदी ने जो किया वह बहुत प्रभावी था। आप न केवल अपने दुश्मन से छुटकारा पाते हैं बल्कि आपके खिलाफ काम करने वाले लोगों को एक भयावह संदेश, चेतावनी भी भेजते हैं। हर ख़ुफ़िया एजेंसी ऐसा करती रही है। अपने शत्रुओं पर शक्ति डाले बिना हमारा देश मजबूत नहीं हो सकता। 'भारत ने इजरायल की मोसाद और रूस की केजीबी जैसी खुफिया एजेंसियों से प्रेरणा ली। ये विदेशी एजेंसियां विदेशी धरती पर अपना काम करने के लिए कुख्यात रही हैं। अखबार कहता है कि सऊदी पत्रकार और असंतुष्ट जमाल खशोगी जिनकी 2018 में सऊदी दूतावास में हत्या कर दी गई थी। इस घटना से रॉ के अधिकारियों ने प्रेरणा ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बैठक में कहा कि अगर सउदी ऐसा कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं? रिपोर्ट के अनुसार जमाल खशोगी की हत्या के कुछ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस बात पर बहस हुई थी कि इस मामले से कैसे कुछ सीखा जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार बैठक में कहा गया कि 'सऊदी ने जो किया वह बहुत प्रभावी था। आप न केवल अपने दुश्मन से छुटकारा पाते हैं बल्कि आपके खिलाफ काम करने वाले लोगों को एक भयावह संदेश, चेतावनी भी भेजते हैं। हर ख़ुफ़िया एजेंसी ऐसा करती रही है। अपने शत्रुओं पर शक्ति डाले बिना हमारा देश मजबूत नहीं हो सकता। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हत्याओं को अंजाम देने के लिए अक्सर अपराधियों या गरीब स्थानीय लोगों को लाखों रुपये का भुगतान किया जाता था. दस्तावेजों में दावा किया कि हत्याओं की निगरानी करने वाले रॉ संचालकों की बैठकें नेपाल, मालदीव और मॉरीशस में भी होती रही है।

रिपोर्ट हालांकि पाकिस्तानी और भारतीय खुफिया विभाग के पूर्व अफसरों से बातचीत पर आधारित है लेकिन रिपोर्ट पढकर ऐसा नहीं लगता है कि सीधे-सीधे भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की गई है। रिपोर्ट में इस तरह के तर्क रखे गए हैं कि भारत हो या कोई भी देश अपने देश में हो रहे आतंकी कार्रवाई को रोकने के लिए अपनी सुऱक्षा को ध्यान में इस तरह कदम उठाता है। किंग्स कॉलेज लंदन के राजनीतिक वैज्ञानिक वाल्टर लाडविग कहते हैं कि रणनीति में कथित बदलाव मोदी की विदेश नीति के प्रति अधिक आक्रामक दृष्टिकोण के अनुरूप है और जिस तरह पश्चिमी देशों पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर विदेशों में हत्याओं का आरोप लगाया गया है, वैसे ही कुछ भारत ने भी किया

दरअसल लम्बे समय से आतंकवाद के दंश झेल रही भारत सरकार को भी लगा कि भारत के पास भी ऐसा करने का अधिकार हैं. अब विदेशों में हत्याओं का आरोप लगाया गया है कि इसी पैटर्न पर कुछ भारत ने भी किया। आप को बता दें कि जिस दिन यह रिपोर्ट छपी है उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई लोकसभा में अरुण भारती के लिए वोट मांगते हुए कुछ ऐसा कहते हैं जिस पर यह रिपोर्ट मुहर लगाती है क्या यह महज संयोग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहते हैं कि छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी।पीएम मोदी ने कहा ऐसे नहीं चलेगा। आज का भारत घर में घुसकर मारता है.आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता है।

सवाल फिर ज्यो का त्यों वहीं खड़ा है कि आखिर देश में आम चुनाव के ठीक पहले एक विदेशी अखबार में एक जलते विषय पर ऐसे आलेख प्रकाशित करने के पीछे क्या कोई छिपा मंतव्य है? क्या गार्डियन पर भी विपक्ष गोदी मीडिया होने की तोहमत लगाएगा? क्या भाजपा के रणनीतिकार अब विदेशी मीडिया को भी साध रहे हैं? बेशक राष्ट्रवादी विचारों वाले वोटर को इस तरह की एक विदेशी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट मनमोहक लग सकती है? भाजपा गार्डियन के इस लेख का इस्तेमाल सर्जिकल स्ट्राइक की पुष्टि के लिए कर रही है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने चुनावी भाषण में इस लेख का हवाला देते हुए जमकर जिक्र कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि गार्डियन गोदी मीडिया तो नही है? लेकिन यदि भारत सरकार पर विदेशों में अपने दुश्मनों को भाड़े के हत्यारों के मार्फत निबटाने का आरोप सही साबित होता है तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस के दूरगामी विपरीत परिणाम भी हो सकते है और फिर हम किस मुहं से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो के उन आरोपों को गलत ठहराएंगे जो उन्होंने कनाडा में मारे गए खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों की हत्या पर लगाए थे? बेशक देश की अस्मिता और सुरक्षा के लिए साम दाम दंड भेद अंगीकार करना अनुचित नहीं है लेकिन तथापि भारत को लक्ष्य हासिल करने के लिए बहुत संतुलन बना कर चलना होगा।

# सांसद बना तो चंबल नदी से बीसलपुर को जोड़कर घर-घर रोज आएगा पानी : रामचंद्र चौधरी

चमकता राजस्थान।

**श्रीनगर (रघुनंदन पारीक)**। श्रीनगर नसीराबाद लोकसभा कांग्रेस के प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने नसीराबाद क्षेत्र के गांव का किया दौरा, जिला वडा, कानपुरा ,तिहारी, सप्रॉन्दा, मोराझडी, मावशीया , रामसर ,सनोद गांव में लोगों से भरी मतों से जी ता ने की अपील सभी गांव का दौरा करते हुए रामचंद्र चौधरी श्रीनगर पहुंचे श्रीनगर पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं ने ढोल के साथ किया रामचंद्र चौधरी का स्वागत' आपको बता दे की रामचंद्र चौधरी लंबे समय से डेयरी अध्यक्ष बने हुए हैं 'डेयरी अध्यक्ष होने के दौरान सभी गांव में उनकी अच्छी पकड़ भी मानी जाती है 'क्योंकि प्रत्येक गांव में डेरी अध्यक्ष जुड़ा हुआ है' रामचंद्र चौधरी ने बताया कि डेयरी पद पर होते हुए मैंने निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की है' और सभी पशुपालकों सीधे रुपए खाते में जाने की व्यवस्था भी मैंने करवाई है 'संसद में जाकर अजमेर जिले की आवाज बनने की बात कही रामचंद्र चौधरी के साथ में आए पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर ने बताया कि देश के तीसरे नंबर पर डेरी को लाने का काम किया है 'रामचंद्र चौधरी ने पूर्व विधायक प्रत्याशी कांग्रेस के शिव प्रकाश गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार से आपने मुझे आशीर्वाद दिया इसी प्रकार से रामचंद्र चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली





अपनी आवाज बना कर भेजना है 'कांग्रेस महासचिव एवं मनोनीत पार्षद नोरत गुर्जर ने रामचंद्र चौधरी को भारी मतों से जिताने की अपील की व महंगाई की मुद्दों पर सरकार रही नाकामयाब ब्लाॅक अध्यक्ष संपन्न सिंह राठौड़ पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ऊकार गुर्जर पूर्व डेयरी अध्यक्ष नंदा गुर्जर सेवादाल ब्लॉक अध्यक्ष सत्तू मालावत, करतार सिंह देतवाल वार्ड पंच एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच मेघराज गुर्जर, ब्लाक महासचिव शिव शंकर सिंह वरिष्ठ कांग्रेस की हरनारायण मूंदड़ा, युवा कांग्रेस नेता सत्यनारायण भड़ाना अजमेरी गेट वार्ड पंच राजू गुर्जर अशोक उदय, एवं भारी संख्या में रहे ग्रामीण मौजूद, कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने बताया कि श्रीनगर क्षेत्र की एवं अजमेर जिले की मुख्य समस्याओं को 5 साल में नहीं कर पाए अभी तक पूरा पूर्व सांसद चाहे पुलिया का मुद्दा ले लो' श्रीनगर की पुलिया का मुद्दा व अन्य कई मुद्दों पर रहे नाकामयाब गरीब जनता की आवाज बनकर करूंगा क्षेत्र में विकास कार्य रामचंद्र चौधरी ने कहा कि संसद में जीत कर जाने के बाद में पहला काम चंबल को बीसलपुर में जोड़ने का करूंगा ताकि सभी को जिले में रोज पानी मिले चौधरी ने कहा कि गरीब का किसान का बच्चा हूं वह किसान और गरीब की समस्याओं को लेकर काम करूंगा श्रीनगर क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनकर चौधरी का किया स्वागत ओर गुड से तोला गया

## उदयपुर जिले की थाना प्रताप नगर पुलिस की कार्रवाई

### सोशल मीडिया पर गैंगस्टर लॉरेंस व अन्य को फॉलो करना पड़ा महंगा, दो युवक गिरफ्तार

चमकता राजस्थान।

**जयपुर/उदयपुर,!(खलील कुरैशी)** । सोशल मीडिया पर गैंगस्टर लॉरेंस व अन्य को फॉलो कर उनका महिमा मंडन करना दो युवकों को भारी पड़ गया। इसकी वजह से जिले की प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के नला फला देबारी निवासी दीपक पुत्र केशु (22) एवं महेंद्र पुत्र नवल राम (21) को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने दोनों युवकों के मोबाइल को जब्त कर सोशल मीडिया अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि सोशल मीडिया पर



अपराधियों को फॉलो कर उनका महिमामंडन करने एवं हथियारों के साथ फोटो-वीडियो पोस्ट करने वाले व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में एसएचओ भरत योगी मय टीम द्वारा अभय कमांड एवं कंट्रोल की सूचना पर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी गोयल ने बताया कि दोनों युवक गैंगस्टर लॉरेंस व अन्य गैंगस्टर को फॉलो कर अपनी फोटो अपलोड कर आमजन में भय उतपन्न करने के साथ अपराधियों का महिमा मंडल कर रहे थे। इस पर अभय कमांड की सूचना पर प्रताप नगर थाना पुलिस की टीम ने देबारी टी पॉइंट से दोनों युवकों को गिरफ्तार किया और इनके पास मिले मोबाइल में सोशल मीडिया अकाउंट को डीएक्टिवेट किया गया।एसपी गोयल ने सभी युवा वर्ग से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अपराधी, गैंगस्टर या असामाजिक तत्वों को फॉलो कर उनकी किसी पोस्ट को लाइक और कमेंट नहीं करें।

## थाना जीआरपी अजमेर की कार्रवाईः 355 ग्राम एमडी ड्रग एवं 16 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा सहित तीन गिरफ्तार

चमकता राजस्थान।

**जयपुर/अजमेर!(खलील कुरैशी)** । जीआरपी अजमेर की टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाई में रेलवे प्लेटफार्म पर खड़े तीन युवकों को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर 355 ग्राम एमडी ड्रग एवं 16 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा जप्त किया है। जप्त मादक पदार्थ की कीमत 37.94 लाख रुपये आंकी गई है।जीआरपी अजमेर एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि राज्य सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना एवं लोकसभा चुनाव के मध्य नजर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा व डीएसपी जीआरपी राम अवतार के सुपरविजन एवं एसएचओ अनिल देव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है।





शनिवार को सब इंस्पेक्टर सोमेंद्र कुमार मय टीम द्वारा अजमेर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर खड़े विजय गुर्जर पुत्र भंवरलाल (20) निवासी वाईडी नगर जिला मंदसौर मध्य प्रदेश के पास मिले पिट्ठू बैग से 355 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की। जब्त ड्रग को कीमत 35 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई हैएसपी जोशी ने बताया कि रविवार को एसएचओ अनिल देव मय टीम द्वारा प्लेटफार्म नंबर पांच पर खड़े पंजाब के भटिण्डा ज़िला निवासी आरोपी सुखप्रीत सिंह पुत्र रुलदु सिंह (26) एवं संदीप सिंह पुत्र मंगल सिंह (32) को गिरफ्तार कर उनके पास मिले दो अलग-अलग पिट्ठू बैग से कुल 16 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा जप्त किया है। जिसकी बाजार में कीमत 2 लाख 44 हजार 500 रुपये है।

उन्होंने बताया कि तीनों अभियुक्तों के पास मिले अवैध मादक पदार्थ को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल संजय कुमार व कांस्टेबल मानसिंह की विशेष भूमिका रही। आसूचना कांस्टेबल सुमेरचंद की थी।

## बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की 133 वें जन्मोत्सव 14 अप्रैल 2024 के उपलक्ष्य में बाबा साहब को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

**चमकता राजस्थान / धौलपुर (रामदास तरुण)**। धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में बाबा साहब को जानू प्रतियोगिता का आयोजन अंबेडकर भवन एवं दूसरा सेंटर निजी भवन परिसर सरमथुरा रोड़ बाड़ी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. भीम राव अम्बेडकर शोभा यात्रा समिति बाड़ी के द्वारा किया गया है।प्रतियोगिता संयोजक राजवीर कौशल, केन्द्राधीक्षक डॉ. कबीर शरण के निर्देशन में संपन्न की गई। जिसमें पेपर निर्माण कमेटी,वीक्षक,सुपरवाइजर और परीक्षकों की योग्य टीम तैयार की गई।समिति के अध्यक्ष ज्वान सिंह मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में रखी गई है जिसमें सीनियर वर्ग में 88 तथा जूनियर वर्ग में 46 कुल 134 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। विजेता प्रतिभागियों को 14 अप्रैल 2024 को जयंती समारोह के मंच पर सम्मानित किया जाएगा!



## बाड़ी शहर के निजी विद्यालय का वार्षिकोत्सव का आयोजन आयोजित

**चमकता राजस्थान /धौलपुर (रामदास तरुण)**। धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में एक निजी विद्यालय का वार्षिकोत्सव कस्बे के देव गार्डन में किड्स पैराडाइज विद्यालय द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम की शुरुआत अथितियों के द्वारा मां



सरस्वती की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर की गई, विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के साथ प्रस्तुति देते हुए की गई, साथ कार्यक्रम के दौरान योग, राजस्थानी कला, देश भक्ति जैसी थीम पर प्रस्तुतियां दी गई, बच्चों की प्रस्तुतियो से प्रसन्न होकर नन्हे मुंहे बालको के मनोबल बढ़ाने हेतु अतिथियों द्वारा ईनाम भी दिये गये, किड्स विद्यालय के संचालक सुनील मित्तल द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का साफा एवं पुष्पमाला पहना कर स्वागत सम्मान किया, कार्यक्रम के दौरान एंकरिंग कर रहे विजय शंकर की ऊर्जा तथा कला ने सभी का मन मोहा, विद्यालय स्टाफ द्वारा कार्यक्रम के दौरान काफी मेहनत करके वार्षिकोत्सव को सफल बनाया. इस कार्यक्रम के मौके पर डॉ. शिवदयाल मंगल पूर्व पीएमओ, डॉ. गोपाल गोयल पूर्व उटल्ड, डॉ. हरिकिशन मंगल पीएमओ बाड़ी, विष्णु सिंगल सनोरा वाले, विष्णु महरे, रामू चौधरी, डॉ. कवीर शरण, उदय सिंह रावत नर्सिंग ऑफिसर, विष्णु शिवहरे, एवं गणमान्य व्यक्ति एवं हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिन बच्चों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी उन बच्चों को मंच से शील्ड देकर सम्मानित किया गया,

## रामनवमी पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से

- मेले को लेकर झडाया बालाजी मंदिर में हुआ बैठक का आयोजन
- रामनवमी पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर सौपी जिम्मेदारियां:- मदनलाल भावरिया




**चमकता राजस्थान /उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)**। उपखंड क्षेत्र के पचलंगी के पास झडाया बालाजी मंदिर में आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी के पावन पर्व पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा ' मेले की तैयारी को लेकर झडाया बालाजी मंदिर परिसर में मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री सीताराम दास जी महाराज के सानिध्य में व मेला कमेटी अध्यक्ष हनुमान प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया ' मेला कमेटी संयोजक समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लोगों को व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप गई है ' मदनलाल बावरिया के अनुसार रामनवमी पर आयोजित होने वाले मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है वहीं मंदिर परिसर के सामने कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें दूर दराज से आए हुए महिला एवं पुरुष पहलवान अपने दाव पेच दिखाएंगे '

## संक्षिप्त समाचार

### हृदय स्वस्थ है, तो सब ठीक है डॉ. संजय मित्तल

- संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर हुई हेल्थ टॉक का आयोजन



**चमकता राजस्थान /जयपुर! (खलील कुरैशी)**। हृदय स्वस्थ है तो सब ठीक है। हमारा शरीर 24 घंटे में से नींद के माध्यम से 8-10 घंटे आराम करता है। लेकिन हमारा हृदय लगातार अनवरत काम करता रहता है। इससे स्वस्थ रखना हम सबका सबसे बड़ा दायित्व है। हमें अपने खानपान और रहन सहन के माध्यम से इसे स्वस्थ रख सकते है। इसके लिये हमें 10 हजार कदम नियमित रूप से चलना चाहिए। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिये तेल और घी से बने पदार्थों से बचना चाहिए। क्योंकि आज पुरे विश्व में सबसे अधिक हृदय रोगी भारत में है। ऐसे में अपनी फिटनेस को ठीक रखने के लिये 1 घंटा व्यायाम, योग, स्विमिंग इत्यादी करने चाहिए। ये विचार मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय मित्तल ने संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर आयोजित ''हेल्थ टॉक'' में रखे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हम हृदय रोग से बच सकते है। साथ ही हमें नियमित चैकअप भी करवाना चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व में संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा के चीत्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्पांजलि दी गई।इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापित मुकेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बडी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ. संजय मित्तल से हेल्थ टिप्स पर खुलकर चर्चा की तथा डॉ. मित्तल ने सभी प्रश्नों को जवाब सहृदयता से दिया।

### आदर्श नगर भाजपा मंडल द्वारा श्री साईं बाबा मंदिर सर्वानंद पार्क सिंधी कॉलोनी में भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

- एक ही लक्ष्य, एक ही विधान अबकी बार भाजपा 400 पार :- घनश्याम चंदलानी



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)**। भारतीय जनता पार्टी आदर्श नगर मंडल की लोकसभा चुनाव 2024 संबंधी बैठक श्री सांई बाबा मंदिर, सर्वानंद पार्क, सिंधी कॉलोनी, जयपुर में रविवार 7 अप्रैल 2024 को संपन्न हुई कइस बैठक में दिनांक 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी मंजू शर्मा को भारी बहुमत से विजय बनाने की अपील के साथ साथ विशेष चुनावी रणनीति तैयार की गई कइस दौरान बैठक में विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रवि नैयर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, पार्षद घनश्याम चंदलानी, तेजूमल टहलानी, रेवालाल मूलचंदानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया कउल्लेखनीय है कि बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव में जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा को भारी बहुमत से विजय बनाना रहा इसके अंतर्गत चुनाव में घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करने की रणनीति बनाई कअबकी बार 400 पार का लक्षय अवशय पूरा करेंगे, ऐसा संकल्प कार्यकर्ताओं ने दोहराया क

### लोकतंत्र का पर्व मनाएं ! वोट डालने बूथ पर जाए

- छोड़ो सारे घर के काम सबसे पहले करो मतदान




**चमकता राजस्थान/उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)**। सामाजिक संस्था लोक सेवा ज्ञान मन्दिर ट्रस्ट उदयपुरवाटी की आवशयक मीटिंग ट्रस्ट के स्थानीय कार्यालय दीनबंधु समस्या समाधान केंद्र में पार्षद माहिर खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।मीटिंग में ग्रीष्म ऋतु में परिंडे लगातार पक्षी मित्र अभियान चलाने, स्वच्छ भारत अभियान के तहत वंचित लोगों को शौचालय निर्माण हेतु सहयोग राशि दिलवाने, एवं 19 तारीक को लोकतंत्र महोत्सव में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए आमजन को जागरूक करने हेतु अभियान चलाने पर विमर्श हुआ।मीटिंग में छोड़ो सारे घर के काम सबसे पहले करो मतदान के पोस्टर का विमोचन किया गया।उदयपुरवाटी की विभिन्न विद्यालयों ,महाविद्यालयो में संगोष्ठी, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कार्यक्रम कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।मीटिंग में एडवोकेट मुनेश तसीड., विमल खैराड़ी,एडवोकेट ताराचंद नांगल,रामधन कटारिया,पार्षद माहिर खान,पार्षद अजय तसीड, असरफ अली,राकेश कटारिया,उपस्थित रहे।

# 27 वें रोज़े के मुबारक मौके पर मासूम मोहम्मद कुरैशी और इंशा कुरैशी ने रखा अपने जीवन का पहला रोजा

## खुदा की नेमत, इबादत, रहमत, बरकत और सब्र है रोजा : नासीर कुरैशी

चमकता राजस्थान।

**जयपुर (खलील कुरैशी)** । इबादतों रहमतों,बरकतों और सबर का पाक, बाबरकत माह रमजान मुबारक का आखिरी अशरा अपने अंतिम पड़ाव पर है ऐसे में रोजदारों ने मजीद पाबंदी और फीक्र, कसरत के साथ साथ अपनी इबादतों में मशरुफियत बढ़ा दीं हैं ऐतेकाफ और फ़र्ज़ इबादतों के अलावा नफली इबादतों को बढ़ा कर पाक महिनें के आखिर में अल्लाह को राजी करने के तहत तमाम अरकानों को पुरा कर रहे हैं इसी के तहत मुस्लिम समाज के मासूम बच्चे भी अपने के बड़ों के साथ-साथ रोज़ा रखकर अपने सबर की नज़ीर पेश कर रहे हैं गौरतलब है नन्हें मासूमों की यह जिंदगी का यह पहला रोजा उनकी जिंदगी में बहुत खूशगवार होता हैं। तपती धूप की परवाह किए बिना भूखे प्यासें रहकर इन नन्हे बच्चों ने रोजा रखकर बड़ों के साथ लब्बैक कह रहे। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख एवं प्यास की शिद्दत बर्दाशत की कर अपने सबर और अल्लाह की इबादत की नज़ीर पेश कर रहे। उल्लेखनीय है एम.डी.रोड मोहल्ला कुरैशीयान, बकरामंडी के बकरा व्यापारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी रहे मरहूम हाजी हनीफ बाबा कुरैशी के परपोता- पोती मोहम्मद कुरैशी और इंशा कुरैशी वल्द नासीर कुरैशी ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा, मासूमों नौनिहालों के पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा। नौनिहालों के पहले रोजे पर घर में खास पकवान इफ्तार करवाया गया गौरतलब है कि इस बार जानकारी देते हुए नासीर कुरैशी ने बताया कि नन्हे नौनिहालों मोहम्मद कुरैशी एवं इंशा कुरैशी ने जिंदगी का पहला रोजा रखा और दिनभर खुदा की इबादत भी की। इन्होंने नमाज पढ़ने के साथ साथ खुदा का जिक्र रोज़े की फजीलत, इबादत, कुरआन की तिलावत भी करी ।शाम को सामुहिक रूप से रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया इसके बाद दावत ए रोज़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में परिजनों, रिश्तेदारों,और मोहल्लेवासियों ने भाग लिया! इफ्तार कार्यक्रम के दौरान दुआएं कर देश में अमन चैन, भाईचारे, इंसानियत की मजबूती, देश की तरक्की और चहुंमुखी विकास की दुआओं के साथ साथ अल्लाह की रहमतों, बरकतों और इबादतों की कुबुलीयत की दुआएं भी की गयी। इस दौरान परिजनों, घर के बड़ों और रिश्तेदारों, मोहल्ले वालों ने नन्हें रोजदार मोहम्मद कुरैशी व इंशा को पहला रोज़ा रखने पर प्यार, दुलार के अनेक इमामात से नवाज कर खुशूसी दिली मुबारकबाद और दुआएं भी दी।



## संक्षिप्त समाचार

### हवामहल विधानसभा में विधायक बालमुकुंद आचार्य की अध्यक्षता में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की आयोजित हुई बैठक

- **भाजपा अल्पसंख्यक कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा को भारी बहुमत से विजय बनाने का लिया संकल्प**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** दिनांक 07.04.2024 को जयपुर शहर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के चुनाव की तैयारीयों को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हवामहल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज की अध्यक्षता




तथा अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं व मुस्लिम समाज के जिम्मेदार मोज्जीज़ लोगों के आतिथ्य में हवामहल विधानसभा क्षेत्र चुनाव कार्यालय में रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती और विशिष्ट अतिथि के रूप एम.सादिक पठान गुलज़ार कुरैशी सहित भाजपा अल्पसंख्यक पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हवामहल विधानसभा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता मुस्लिम समाज के वरिष्ठ जन भी उपस्थित रहे। सभी ने इस बार लोकसभा चुनाव भाजपा प्रत्याशी बहन मंजू शर्मा को लाखों वोटो से विजयी दिलवाकर लोकसभा में भिजवाने व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पर के संकल्प को और हर बूथ पर 370 प्लस का पूरा करने का परिलक्षित करने का संकल्प लिया।

### पत्नी की सोशल मीडिया रील से परेशान सरकारी बाबू का सुसाइड,

- **गंदे कमेंट से आहत होकर कमेंट करने वालों को बोला- तुम्हारे घर में होगा तब मालूम चलेगा**

**चमकता राजस्थान /अलवर।** अपनी पत्नी की सोशल मीडिया रील्स और भद्दे कमेंट्स से परेशान होकर सरकारी कर्मचारी ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी माया और रतिराम को बताया है। वह पत्नी के सोशल मीडिया पर रील बनाने और गंदे कमेंट्स करने वालों से परेशान था। उसने वीडियो में पत्नी की रील्स पर कमेंट करने वालों से कहा- ये जो लोग इस तरह के कमेंट करते हैं ना तुम्हारे घर-परिवार में



ऐसा होगा ना तब मालूम चलेगा। अच्छा आदमी कभी भी ऐसे कमेंट नहीं करता। मामला अलवर के रैणी थाने के नांगलबास गांव का 5 अप्रैल का है। इसका वीडियो 6 अप्रैल देर रात को सोशल मीडिया पर सामने आया। रैणी थाने की साह प्रेमलता मीणा ने बताया- सिद्धार्थ मीणा (31) के परिजनों ने 6 अप्रेल को मामला दर्ज करवाया है। पति-पत्नी का झगड़ा चल रहा था। पहले भी एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दे चुके थे। यह भी पता चला है कि पत्नी की स्श्वश्वरुबनाने के कारण वह परेशान था। उसे लोग कमेंट करके चिड़ाते थे कि वह तो नचइया है। इस तरह के कमेंट से वह परेशान था। हालाकि वह शराब भी पीता था। जिसके कारण आए दिन झगड़ा होता है। उसके चार बच्चे हैं, 3 बेटी 1 बेटा है। वह दौसा में स्वास्थ्य विभाग में पद पर कार्यरत था। करीब डेढ़ साल पहले पिता की जगह अनुकंपा पर नौकरी लगा था। उसकी पत्नी अपनी मर्जी से रील बनाती थी। एक दिन पहले ही सिद्धार्थ ने यह वीडियो बनाई थी। उसके अगले दिन सुसाइड करना सामने आया है।

### पराक्रम को हटाने वाले भवानी सामोता हुए आरसीए से बाहर

- **अब चुनाव में नहीं ले सकेंगे हिस्सा, पिछले दिनों किया था धनंजय का समर्थन**

**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी)।** राजस्थान में सरकार बदलने के साथ ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की सियासी लड़ाई एक बार फिर शुरू हो गई है। आरसीए की मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर जहां सरकार ने एडहॉक कमेटी का गठन कर दिया था। वहीं, आरसीए के पूर्व सचिव भवानी सामोता को अब सीकर कार्यकारिणी से




निष्कासित कर दिया गया है। इसके बाद वह भविष्य में होने वाले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। दरअसल, सीकर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने आरसीए की कार्यकारणी भंग होने के बाद कोषाध्यक्ष भवानी सामोता को पद छोड़ने के लिए कहा था। लेकिन सामोता ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया। इसके बाद आज सीकर जिला क्रिकेट संघ की विशेष साधारण सभा की बैठक बुलाई गई थी। इसमें सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से भवानी सामोता को निष्कासित करने का फैसला किया। इस बैठक में सीकर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के साथ ही सहकारिता विभाग और खेल परिषद के अधिकारी भी मौजूद थे। बता दें कि भवानी सामोता ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पद पर रहते हुए चूरू जिला क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को अवैध बताया था। उन्होंने कहा था कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे के चुनाव और संवैधानिक है। इसके बाद सामोता ने उन्हें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की वोटर लिस्ट से भी बाहर कर दिया था। इसके बाद सामोता के समर्थन से ही हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था।

# हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

चमकता राजस्थान।

**धौलपुर रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड दिनांक 07 अप्रैल 24 रविवार प्रातः 08:00 बजे गुमट हनुमान मंदिर पर बजरंग सेवा समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक का प्रमुख उद्देश्य आगामी 23 अप्रैल2024 मंगलबार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन शुभ अवसर पर धार्मिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होना था। जिसको लेकर बैठक बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल ने की और बैठक में समस्त बजरंग सेवा समिति द्वारा यह तय किया गया कि हनुमान जन्मोत्सव वाले दिन 23 अप्रैल 2024 मंगलबार



को प्रातः श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का दिव्य भव्य श्रृंगार और प्रातः 09:00 बजे गुमट हनुमान मंदिर से दिव्य भव्य शोभायात्रा जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी, लुहार बाजार, सराफा बाजार से होते हुए घंटाघर पुराना बाजार से होते हुए नेताजी की कोठी से हॉस्पिटल होते हुए पुनः गुमट हनुमान मंदिर पर सम्पन्न होगी। इसके पश्चात छप्पन भोग, फूल बंगला के साथ शाम 06:00 बजे से मंदिर परिसर में दिव्य भव्य हनुमान जी की झांकी के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा और इस पुनीत कार्य के लिए बजरंग सेवा समिति द्वारा सर्व सम्मति से रामकुमार चौधरी को इस कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया। रामकुमार चौधरी ने शोशल मीडिया के माध्यम से सभी समाजों के प्रबुद्ध जनों, माताओं बहनों, युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का आव्हान किया जिससे इस पुनीत कार्य में दिव्यता भव्यता आए हिंदू जागरण मंच सह जिला संयोजक अंजनी पाराशर ने इस मौके पर कहा कि यह कार्य कलयुगी अवतार हम सभी के आराध्य देव संकट मोचन हनुमान जी महाराज का है और हम सभी सत्य सनातन धर्म प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सामाजिक समरसता के साथ इस पुनीत कार्य को ऐतिहासिक बनाना है। इस पुनीत कार्य को करने वाले स्वयं संकट मोचन हनुमान जी महाराज है और यह शोभायात्रा बाड़ी शहर वासियों के लिए सर्व प्रथम पहला शुभ अवसर भी है। इस दौरान मेला श्री बारह भाई समिति के संयोजक सतीश प्रजापति, बजरंग सेवा समिति के कोषाध्यक्ष पप्पू गर्ग कांकरई वाले,शोभायात्रा के सह संयोजक अनिल गर्ग, राजेंद्र उर्फ खन्ना, संजय बंसल, दुर्गा प्रसाद गर्ग, सुभाष चंद्र, समाज सेवी संजू सिंह परमार, रामअवतार शर्मा सुरौठी वाले , बिपिन सिंघल सहित दर्जनों भक्तजन उपस्थित रहे।

# एकता पब्लिक स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- **नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां**
- **प्रतिभावान छात्र छात्राओं का भी हुआ सम्मान**
- **सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ही प्रतिभाओं में आता है निखार :- अश्वनी आचार्य महाराज**



चमकता राजस्थान।

**उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव) ।** कस्बे के पास किरोड़ी रोड पर स्थित एकता पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेंकटेश पीठ लोहार्गल धाम के श्री श्री 1008 वेंकटेश पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज थे ' विशिष्ट अतिथि हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी थे ' जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एकता पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राव ईश्वर सिंह ने की ' कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ' कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि वेंकटेश पीठ लोहार्गल धाम के श्री श्री 1008 वेंकटेश पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने बोलते हुए अपने उद्बोधन में कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ही बच्चों को कठिन परिश्रम कर अच्छे अंक प्राप्त करने चाहिए ' क्योंकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है ' विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी ' इसी दौरान विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया ' एकता पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर संतोष सिरोही ने आगंतुक महानुभावों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया ' मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश भूपेश, बालकिशन सुगंध, प्रकाश सोनी ,शिवराम चाहर ,किशोरी लाल सैनी ,विजय कुमार सोनी, दीपक योगी, हितेश सैनी, मनीष शर्मा, मुकेश पंसारी, अमित पंसारी, श्री राम कुमावत, सरवन सैनी, डॉ रविकांत महरिया, डॉक्टर चावला , पार्षद अजय तसीड, डॉ मुकेश बागड़ी ,पार्षद प्रतिनिधि राकेश जमालपुरिया सहित कई लोग मौजूद रहे

### सोनोत संथाल समाज के केन्द्रीय सचिव की अध्यक्षता में बैठक

- **एडवोकेट सुनीता टुडू को गिरिडीह लोकसभा से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में खड़ा करने का लिया गया निर्णय**




**डुमरी।** रविवार को स्थानीय मां पार्वती उत्सव भवन जीटी रोड ईसरी डुमरी में गिरिडीह लोकसभा स्तरीय आदिवासी नेता, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारीगण की बैठक सोनोत संथाल समाज के केन्द्रीय सचिव अनिल टुडू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गिरीडीह लोकसभा चुनाव 2024 में निर्विरोध जिला परिषद सदस्य सह एडवोकेट सुनीता टुडू को गिरिडीह लोकसभा से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में घोषित किया गया। जिसमें बेरमो विधान सभा, डुमरी विधान सभा, गिरीडीह विधान सभा,गोमिया विधान सभा, टुंडी विधान सभा एवं बाघमारा विधान सभा से आदिवासी लीडर, बुद्धिजीवी और संगठन के पदाधिकारीगण पहुंचे थे।

**लोकसभा चुनाव-2024**

## होम वोटिंग के तीसरे दिन जयपुर में 95 एवं जयपुर ग्रामीण में 97 फीसदी से ज्यादा हुआ मतदान

चमकता राजस्थान।

**जयपुर!(खलील कुरैशी) ।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत होम वोटिंग के तीसरे दिन रविवार को जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 95.43 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में 97.89 फीसदी 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग एवं 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग के तीसरे दिन पंजीकृत कुल 1 हजार 117 में से 1 हजार 66 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 9 मतदाता निधन होने के कारण एवं 42 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।

वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे दिन होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 804 में से 787 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 2 मतदाता निधन होने के कारण एवं 15 मतदाता अनुपस्थित होने के कारण मतदान नहीं कर पाए।उन्होंने बताया कि जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में समाहित हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 97 में से 95, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 144 में से 133, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में 173 में से 166, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 71 में से 70, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 150 में से 139, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 146 में से 140, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 184 में से 174, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 152 में से 149 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 127 में से 125, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 95 में से 94, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 149 में से 145, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 179 में से 172, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 74 में से 72, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 149 में से 148, बानसूर विधानसभा क्षेत्र में 31 में से सभी 31 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।वहीं, सीकर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 133 में से 133 होम वोटिंग के लिए पंजीकृत मतदाताओं ने अपने घर से ही मताधिकार करने की सुविधा का लाभ उठाया।

**लोकसभा चुनाव-2024**

## मतदाताओं को घर-घर जाकर किया जा रहा वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण

**..ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके सुनिश्चित**

चमकता राजस्थान।

**जयपुर, (खलील कुरैशी) ।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण किया जा रहा है।सहायक रिटर्निंग अधिकारी, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र मिथलेश मीणा ने तिरूपति विहार, अशोक विहार, सेक्टर-1 के क्षेत्रों में भ्रमण कर बीएलओ द्वारा वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड की वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपने मताधिकार के प्रयोग की अपील भी की। मिथलेश मीणा ने बताया कि विद्याधर



नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 326 मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्चियों एवं मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण मतदाताओं को किया गया। बीएलओ द्वारा मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में जानकारी दी गई साथ ही मतदान दिवस पर मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं यथा पानी, छाया, रैम्प आदि के बारे में जानकारी दी गई।

वहीं, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, हवामहल विधानसभा क्षेत्र डॉ सरिता शर्मा ने भी क्षेत्र में मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया एवं वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का भी वितरण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ सहित चुनाव कार्यों में नियोजित अन्य कार्मिकों को सभी मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र हवामहल में शुक्रवार से रविवार तक प्रथम चरण में 285 मतदाताओं द्वारा होम वोटिंग की गई। अनुपस्थित मतदाताओं की होम वोटिंग द्वितीय चरण में करवाई जाएगी। रविवार को प्रत्येक मतदान केंद्र पर आओ बूथ चले अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें निर्वाचन विभाग द्वारा संचालित एप्लीकेशन को डाउनलोड और हैंड्स ऑन करवाया गया। इस दौरान हवामहल एईआरओ हरदयाल सिंह, पार्वती सोनी एवं विजय कुमार सक्सेना मौजूद रहे।

# कोटा दक्षिण नगर निगम में मेयर और नेता प्रतिपक्ष एक ही पार्टी के, मेयर के बीजेपी ज्वॉइन करने से बने यह हालत, डीएलबी से मांगी सलाह

चमकता राजस्थान।

**कोटा।** कोटा दक्षिण नगर निगम में वर्तमान में बेहद असमंजस के हालात बने हुए हैं। वह इसलिए कि यहां मेयर और नेता प्रतिपक्ष दोनों बीजेपी के ही हैं, जबकि ऐसा नहीं हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष सत्ताधारी पार्टी की विरोधी पार्टी का सदस्य ही बन सकता है। इस प्रकार कोटा दक्षिण नगर निगम ही प्रदेश में एक मात्र ऐसी नगर निगम बन गई है, जहां नेता प्रतिपक्ष भी निगम की वर्तमान सत्ताधारी पार्टी का है। दरअसल, कोटा दक्षिण नगर निगम में कांग्रेस का बोर्ड था।



मेयर तत्कालीन स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल खेमे के राजीव अग्रवाल चुने गए थे। मगर हाल में बदले राजनीतिक परिदृश्य के बाद राजीव अग्रवाल ने बीजेपी ज्वॉइन कर ली। यहां पहले से ही भाजपा नेता विवेक राजवंशी नेता प्रतिपक्ष हैं।ऐसे में निगम के बोर्ड की वैधानिकता के सम्बन्ध में अब निगम के अधिकारी डीएलबी से मार्गदर्शन मांग रहे हैं। इस सम्बन्ध में दक्षिण नगर निगम की आयुक्त सरिता ने डीएलबी डायरेक्टर को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि दक्षिण नगर निगम में कांग्रेस का निर्वाचित बोर्ड है। वहीं मेयर राजीव अग्रवाल, उप महापौर पवन मीणा व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी बीजेपी के हैं। बोर्ड गठन के समय कांग्रेस के अभ्यर्थी राजीव अग्रवाल को 41 एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी विवेक राजवंशी को 39 मत मिले थे। बहुमत के आधार पर नगर निगम कोटा दक्षिण में कांग्रेस का बोर्ड बना। 30 मार्च 2024 को महापौर राजीव अग्रवाल कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले कुछ कांग्रेस पार्टी के पार्षदों ने भी भाजपा ज्वॉइन की थी। अब दल-बदल के बाद निगम दक्षिण में बीजेपी के पार्षद 44, कांग्रेस के 35 और एक निर्दलीय पार्षद हो गए हैं।

पत्र में आगे कहा गया है कि, राजीव अग्रवाल ने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। इस मामले में निगम अधिकारियों ने डीएलबी से इस मामले में राय मांगी है। पूछा है कि अब आगे किस तरह से प्रक्रिया की जाए। गौरतलब है कि मेयर अग्रवाल भाजपा में शामिल हुए थे, उसी दिन से सवाल उठ रहा है कि अब दक्षिण नगर निगम में बोर्ड किसका कहलाएगा? निगम के कानूनी जानकारों ने भी इस पर सवाल उठाए थे। ऐसे में अब मेयर के चुनाव फिर से हों या फिर बोर्ड गिराकर नया बोर्ड बनाया जाए। हालांकि, निगम सूत्रों के अनुसार वर्तमान में लोकसभा चुनाव से पहले निगम में कोई फेरबदल नहीं होने वाला है। चुनाव के तुरंत बाद निगम में बड़ा बदलाव होगा।

### साइड इनकम का झांसा देकर साइबर बदमाशों ने उड़ाये 7 लाख रुपए

**जमशेदपुर।** ग्रीन अपार्टमेंट देवनगर साकची निवासी हरविंदर सिंह को पार्ट टाइम काम कर पैसा कमाने का झांसा देकर साइबर बदमाशों ने 7 लाख 10 हजार 645 रूपए की ठगी कर लिया। इस संबंध में हरविंदर सिंह ने बिष्टुपुर साइबर थाना में अज्ञात के खिलाफ फिर दर्ज कराई है। रविंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 22 फरवरी को उनकी टेलीग्राम ईद पर एक मैसेज आया था जिसमें साइड इनकम के लिए बताया गया था और बोला था कि अप रिव्यू करने पर पैसा कमा सकते हैं। बोला गया कि एप प्लेयर इसके लिए पैसा देती है। एप प्लेयर एक बहुत बड़ी कंपनी हैं। कंपनी 1000 से 6500 तक देती हैं। बोलकर एक वेबसाइट दिया और बोला कि इसे खोलकर रजिस्टर करे और अपना बैंक एकाउंट का डिटेल्स भर दे। बदमाशों ने बताया कि एक दिन में तीन टाक्स पुरा करना होता हैं। उसमें करीब 28 रिव्यू देना होता हैं, स्टाक पुरा करते ही पैसा निकाल सकते हैं और पैसा आप की एकाउंट में चला जायेगा। एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया जिसमें 40 से अधिक लोग शामिल हैं। वे लोग नये लोगों को ब्रेनवाश करते हैं। दिग्भ्रमित कर अलग-अलग खाते में पैसा भेजवा देते हैं। उनसे भी 7 लाख 10 हजार 645 रूपए लेकर अन्य के खाते में भेजबा दिया। बोला पैसा स्टॉक हो गया हैं और सात लाख भेजने के लिए बोला गया। बोला सात लाख और जमा करने के बाद ही रूपए निकाल सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

शिविर



हैदराबाद में एपिन सेंटर फॉर पेन रिलीफ एंड बियॉन्ड, डॉ. मीनल चंद्रा और टीम ने रविवार को सीएसआई ऑल सेंट्स चर्च में मुफ्त मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

# लोस चुनाव: महिला नेताओं के खिलाफ अभद्र बयानबाजी जारी; कंगना, हेमा और ममता बन चुकी हैं निशाना

नयी दिल्ली। चुनाव आते ही महिला नेताओं के खिलाफ अभद्र बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिल रहा है, जिसमें भाजपा की चर्चित उम्मीदवारों–हेमा मालिनी व कंगना रनौत और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को निशाना बनाया जा चुका है। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने बृहस्पतिवार को हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करके अपनी पार्टी और नेताओं को मुश्किल में डाल दिया, जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग तुरंत उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंच गया।

पिछले महीने हरियाणा में एक रैली में की गई सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल कांग्रेस इस निम्नस्तरीय, लैंगिक टिप्पणी से एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, सुरजेवाला ने कहा कि उन्होंने उसी वीडियो में यह भी कहा था कि हेमा मालिनी का बहुत सम्मान किया जाता है क्योंकि उन्होंने धर्मेंद्र जी से शादी की है और वह हमारी बहू हैं। कई साल पहले, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू यादव ने हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दावा किया था कि वह बिहार की सड़कों को उनके गालों जितनी चिकनी बना देंगे। महिला अधिकार कार्यकर्ता रंजना कुमारी ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, केवल प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों के अंदर भी सभी महिला नेताओं को अपने पुरुष सहयोगियों से लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। आप किसी भी महिला नेता से पूछ सकते हैं और वह आपको यही बताएगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर सुशीला रामास्वामी ने कहा कि आधुनिक समाज के लिए आवश्यक लैंगिक समानता और बहुलवाद भारत में अभी भी नवजात व महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं का प्रतिनिधित्व कई अन्य लोकतांत्रिक देशों की तुलना में बहुत कम है। वहां महिलाएं विशेषाधिकार प्राप्त और अच्छे परिवारों से हैं।





सुरजेवाला से पहले, उनकी पार्टी के नेता सुप्रिया श्रीनेत और एच.एस. अहीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रनौत व उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी को जोड़कर पोस्ट करने के लिए निशाने पर आ गए थे। श्रीनेत ने यह कहते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी हटा दी थी कि संबंधित पोस्ट उन्होंने नहीं किया था। इसके अलावा, कर्नाटक से कांग्रेस के विधायक शमनूर शिवशंकरप्पा ने भाजपा की गायत्री सिद्धेश्वरा के बारे में कहा कि वह केवल खाना बनाने के लायक हैं। भाजपा के दिलीप घोष ने बनर्जी के वंश पर टिप्पणी के लिए माफी मांगी। निर्वाचन आयोग ने श्रीनेत और घोष को नोटिस जारी किया, लेकिन ऐसा लगता है कि इस चुनावी मौसम के लिए इस तरह की टिप्पणियों के लिए पहले से तैयारी की गई थी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भारतीय राजनीति में सोनिया गांधी, मायावती, ममता बनर्जी, स्मृति ईरानी, जयाप्रदा और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसी दिग्गज हस्तियां किसी न किसी समय आपत्तिजनक लैंगिक टिप्पणी का निशाना बनीं।

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान ने 2019 में भाजपा नेता जयाप्रदा के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक रैली के दौरान खान ने कहा था, मैं उन्हें (जयाप्रदा को) रामपुर लेकर आया। आपको उनका असली चेहरा पहचानने में 17 साल लग गए लेकिन मुझे 17 दिन में पता चल गया कि वह खाकी अंडरवियर पहनती हैं। भारतीय राजनीति में स्त्री द्वेष पर चर्चा करते हुए महिला अधिकार कार्यकर्ता रंजना कुमारी ने कहा कि किसी महिला के शरीर पर टिप्पणी करके उसे नीचा दिखाना एक आम मानसिकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि ऐसे मामलों में आरोपी महिलाएं अंततः माफी मांग लेती हैं, लेकिन पुरुष शायद ही कभी ऐसा करते हैं। इसी तरह की घटनाएं 2019 के आम चुनाव के दौरान देखी गईं जब राजनीतिक दिग्गजों ने अपनी महिला प्रतिद्वंद्वियों के बारे में अभद्र टिप्पणी करके उन्हें निशाना बनाया।

तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को घूंघट के पीछे रहने की सलाह दी थी। वहीं, भाजपा के एक अन्य नेता विनय कटियार ने कथित तौर पर पूछा था कि क्या कांग्रेस नेता सोनिया गांधी राहुल गांधी को सबूत दे पाएंगी कि उनके पिता राजीव गांधी थे। कटियार ने प्रियंका गांधी वाड्रा को भी निशाना बनाते हुए कहा था कि राजनीति में पहले ही बहुत ज्यादा खूबसूरत स्टार प्रचारक हैं। उसी वर्ष, अभिनेत्री से नेता बनीं उर्मिला मातोंडकर लैंगिक टिप्पणी का निशाना बनीं जब भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कहा कि उन्हें उनके रंग–रूप के कारण टिकट दिया गया। भाजपा के दयाशंकर सिंह ने 2016 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती को वेश्या से भी बदतर कहा था। सिंह ने आरोप लगाया था कि मायावती ने पैसे लेकर टिकट बेचे थे। पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के तत्कालीन उपाध्यक्ष सिंह की टिप्पणी के परिणामस्वरूप केशव प्रसाद मौर्य और अरुण जेटली जैसे भाजपा नेताओं को संसद में मायावती से माफी मांगनी पड़ी थी।

# पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कुछ नेता सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं : इमरान खान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल–कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान (71) ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।



खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी को मिला जनादेश चुरा लिया गया है और पार्टी पर कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शक्तिशाली सेना से विवाद के बाद से खान की पार्टी को कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। खान ने कहा कि कथित तौर पर उन पर दबाव बनाने के लिए उनकी पत्नी बुशरा बीबी को निशाना बनाया जा रहा है और उन पर उंगली उठाने वाले लोग पार्टी को 'खत्म' करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। खान ने कहा कि उन्होंने कभी भी सेना के साथ टकराव नहीं किया है। उन्होंने दावा किया कि सेना के पूर्व प्रमुख ने उनकी 'पीठ में छुरा घोंपा'।

उन्होंने दावा किया था कि बाजवा उन्हें पद से हटाने के लिए अमेरिका समर्थित साजिश में शामिल थे। खान ने कहा कि देश 1970 के दशक जैसे हालात का सामना कर रहा है। मौजूदा सरकार के बारे में, खान ने दावा किया कि राजा पीछे बैठे हैं और (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी उनके वायसराय के रूप में आगे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती शुरू होने के अवसर पर योग महोत्सव, हजारों शामिल हुए

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75–दिवसीय उल्टी गिनती रविवार को महाराष्ट्र के पुणे में योग महोत्सव से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। पुणे के नौरोसजी वाडिया कॉलेज में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) और आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। आयुष मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक प्रतिभागियों द्वारा उत्साह का प्रदर्शन व्यक्तिगत और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। महोत्सव को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल ने कहा, योग एक स्वस्थ और बेहतर कल की दिशा में एक वैश्विक आंदोलन है।

नासिक स्थित योग विद्या गुरुकुल के अध्यक्ष विश्वास मांडलिक ने कहा, योग भारत की समृद्ध विरासत का एक अद्भुत उपहार है, जिसने दुनिया को एक स्वस्थ स्थान बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा, योग मूल रूप से एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित है।

वितरण



गुवाहाटी में मीरा बोरठाकुर गोस्वामी और महिमा सिंह प्रवक्ता एआईसीसी रविवार को गुवाहाटी में 'कांग्रेस गारंटी कार्ड' वितरित करते हुए।

# जून में बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेगी कमल हासन की 'इंडियन-2'

**मुंबई/एजेन्सी**

कॉलीवुड सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग सोशल ड्रामा फिल्म 'इंडियन 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर लंबे वक्त से कयासों का दौर जारी है। निर्देशक शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 23 साल पहले सिनेमाघरों में आई इसी जोड़ी की ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का सीक्वल है। पिछली फिल्म की तरह ही इस फिल्म में कमल हासन एक बार फिर देश की समस्याओं का मुद्दा उठाने वाले हैं। तमिल स्टार कमल हासन की मूवी 'इंडियन 2' की रिलीज को लेकर काफी लंबे वक्त से चर्चाएं चल रही थीं। मगर आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आ पा रही थी। अब मेकर्स ने लंबे इंतजार के बाद 'इंडियन 2' की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है।

'इंडियन 2' की रिलीज डेट ने तहलका मचा दिया है। इस मूवी की निर्माता कंपनी ने एक धमाकेदार नया पोस्टर जारी कर कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' की रिलीज डेट का धांसू ऐलान किया है। सामने आए नए पोस्टर में कमल हासन व्हाइट कुर्ता और लुंगी में नजर आए हैं। साथ ही पोस्टर पर लिखा है कि ये मूवी जून 2024 में सिनेमाघर पहुंचने वाली है। हालांकि मेकर्स ने किसी तय तारीख का खुलासा अभी तक नहीं किया है। मगर तमिल फिल्मी गलियारों से उड़ती–उड़ती खबरों की मानें तो ये मूवी 12 जून को सिनेमाघर पहुंच सकती है।





लंबे वक्त से बन रही सुपरस्टार कमल हासन की मचअवेटेड पैन इंडिया रिलीज फिल्म 'इंडियन 2' को मेकर्स ने मोटी लागत से बनाया है। इस फिल्म का प्रोडक्शन पिछले करीब 4–5 साल से चल रहा है। बार–बार फिल्म की शूटिंग रुकने और मेकिंग में लगते लंबे वक्त की वजह से इसकी मेकिंग कॉस्ट पर भी खासा असर पड़ा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो लायका प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी निर्देशक शंकर की इस फिल्म को करीब 250 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। जो एक बेहद बड़ी रकम है। ऐसे में इस फिल्म के लिए जरूरी होगा ये सिनेमाघरों में जबरदस्त प्रदर्शन करे। हालांकि कमल हासन की फिल्मों के बढ़ते क्रेज को देखकर लगता है मूवी ये माइलस्टोन जल्दी ही पार कर लेगी।

# कंगना रनौत ने इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म 'इमरजेंसी' बनाने की वजह बताई

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। कंगना रनौत ने पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।' इसलिए, जब यह सामने आएगा, तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजन फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'



कंगना ने कहा,हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए जिजसे भविष्य में हमारे संविधान में कोई हस्तक्षेप न हो। इसीलिए मैंने फिल्म इमरजेंसी बनाई।

कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, 'इमरजेंसी' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। 'इमरजेंसी' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।



# फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा के जानेमान अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री यामिनी सिंह स्टार फिल्म ससुराल का गुलाम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम का ट्रेलर बी4यू भोजपुरी रिलीज किया गया है।इस फिल्म का निर्माण बी4यू मोशन पिक्चर के द्वारा हाई आईक्यू एंटरटेनमेंट एलएलपी के बैनर से किया गया है। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल है, जबकि निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी है। वहीं, फिल्मससुराल का गुलाम को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म आज के समाज की हकीकत है और इस किरदार को जीवंत करने में हमने बेहद मेहनत की है। उम्मीद है कि लोगों को हमारी यह फिल्म पसंद आएगी। ऐसी फिल्में भोजपुरी के ग्राफ को बढ़ाने वाली हैं और इसके लिए मैं तत्पर हूं। यह फिल्म जब भी सिनेमाघर में आएगी तब मैं अपने भोजपुरी के तमाम दर्शकों से आग्रह करूंगा कि आप सब परिवार फिल्म को देखें और अपनी प्रतिक्रिया हमें सोशल मीडिया के माध्यम से जरूर दें।

फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह और यामिनी सिंह के साथ रजनीश झा, अनीता रावत, अमित शुक्ला, श्वेता वर्मा, विद्या सिंह, केके गोस्वामी, राकेश बाबू, दीपिका सिंह और आशुतोष मुख्य भूमिका में है जबकि बाल कलाकार के रूप में मास्टर श्रेयांश यादव ढोलू हैं। वही इस फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं और गीतकार अरविंद तिवारी के साथ प्यारेलाल यादव हैं। फिल्म में कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और सोनू प्रीतमने की है।

# टीकाराम जूली के मुख्य आतिथ्य में राजस्थान मेघवाल समाज अलवर की बैठक का हुआ आयोजन

- **सर्वसम्मति से अंबेडकर जयंती को धुमधाम से मनाने का लिया गया फैसला**
- **16 जून को सामूहिक विवाह सम्मेलन का होगा आयोजन**

चमकता राजस्थान





**अलवर।** राजस्थान मेघवाल समाज अलवर की बैठक का हुआ आयोजन 16 जून को सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन मेघवाल समाज की जिले की दुरभाषिका के प्रकाशन व डॉ अम्बेडकर तथा फुले जयन्ती धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय राजस्थान मेघवाल समाज अलवर की बैठक सूरजभान मेहरा की अध्यक्षता में + स्कीम 8, गांधीनगर में संफर हुई।
बैठक में टीकाराम जूली मुख्य अतिथि, राजस्थान मेघवाल समाज के प्रदेश महासचिव निहाल सिंह व देशराज वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के माल्यार्पण से प्रारंभ हुई बैठक में राजस्थान मेघवाल समाज के जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री ने उपस्थित सभी समाज बंधुओ का स्वागत-अभिनंदन किया तथा डॉ महेश गोठवाल महासचिव राजस्थान मेघवाल समाज अलवर में पूर्व मीटिंग का विवरण पढ़कर सुनाया जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। बैठक में डॉ अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीपदान तथा 14 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे प्रतिमा को माल्यार्पण किया जाएगा। राजस्थान मेघवाल समाज की ओर से अंबेडकर सर्किल पर जल सेवा की व्यवस्था करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में ज्योतिबा फुले जयंती की पूर्व संध्या पर 10 अप्रैल 2024 को दीपदान तथा 11 अप्रैल को 9:00 बजे ज्योतिबा फूले सर्किल पर माल्यार्पण किया जावेगा। सर्व सहमति से दिनांक 16 जून 2024 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने तथा अलवर जिले के मेघवाल समाज की टेलीफोन डायरेक्टरी तैयार करने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में टीकाराम जूली में सामाजिक कुरीतियों को त्यागने का आ'न करते हुए सामुहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने का आ''ान किया। देशराज वर्मा ने अम्बेडकर जयन्ती का हर्षोल्लास से आयोजन करने के सुझाव दिए।बैठक में जगमाल सिंह, एडवोकेट कालूराम बलाई, मनोज भागवत, रविन्द्र कुमार, देशराज राय ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक सूरजभान मेहरा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से समाप्त हुई। बैठक में लक्ष्मण सिंह बलाई, संजय कुमार, शैलूराम, रघुवीरसिंह गोठवाल, छोटेलाल बलाई, कमल सिंह गोठवाल, धर्मपाल, हरि सिंह थावरमल, मनोहर लाल बलाई, शीशराम कनौजिया, अनिल कुमार सुरेला, श्रीचंद मेहरा, भगत सिंह, देसराज राय पूरनचंद, उमराव सिंह, डॉ सुरेंद्र गोठवाल डॉ. महेश गोठवाल, आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

## बस पलटने से चार की मौत, 30 घायल



बेंगलुरु। बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस के होलालकेरे शहर के पास रविवार तड़के पलट जाने से चार यात्रियों की मौत हो गई और लगभग 30 यात्री घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक घटना होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। घटना के वक्त सभी यात्री सो रहे थे। तभी अचानक बस पलट गई और उसमें सवार चार यात्रियों की मौत हो गई और करीब 30 लोग घायल हुए हैं जिनमें से आठ की हालत नाज़ुक है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना में मृत लोगों के शव मच्युरी में रखा दिए गए हैं। इस मार्ग पर आए दिन हादसे होते हैं जिसके लिए लोगों ने सड़कों के निर्माण को जिम्मेदार बताया है।

## प्रतीश विश्वनाथ ने लगाया शशि थरूर पर बिटकॉइन ईटीएफ पर पाखंड करने का आरोप

तिरुवनंतपुरम। हिंदू सेवा केंद्रम के संस्थापक प्रतीश विश्वनाथ ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ उम्मीदवार डॉ. शशि थरूर पर बिटकॉइन ईटीएफ रखने पर पाखंड का आरोप लगाया है। श्री प्रतीश ने कहा कि बिटकॉइन के खिलाफ सार्वजनिक बयान देने वाले डॉ. थरूर ने अपने नामांकन हलफनामे में खुलासा किया है कि उनके पास बिटकॉइन ईटीएफ है। उन्होंने कहा, 'बिटकॉइन की अपनी पिछली आलोचना के बावजूद, थरूर द्वारा बिटकॉइन ईटीएफ रखना उनके दोहरे रुख को उजागर करता है। उनके सार्वजनिक बयानों और निजी निवेश के बीच विरोधाभास है जो उनकी ईमानदारी और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।' वह तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे डॉ. थरूर के इस खुलासे पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि उनके पास 5,11,314 रुपये मूल्य का बिटकॉइन ईटीएफ है। उन्होंने प्रतिबंधित आतंकी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की हालिया घोषणा पर भी गहरी चिंता व्यक्त किया कि वह केरल में अगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को वोट देगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए भी श्री थरूर की आलोचना की। उन्होंने श्री थरूर के इन आरोपों का भी जोरदार खंडन किया कि श्री चंद्रशेखर ने ईसाई समुदायों के कुछ नेताओं को चुनावी समर्थन प्रदान करने के लिए पैसा देने का वादा किया है।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस

राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने आज दिन में तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। वहीं अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 175 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 तक के एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है।

## उद्धव ठाकरे को झटका देकर शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हुए पूर्व मंत्री बबनराव घोलप

मुंबई। लोकसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे गुट को झटका देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं शिवसेना (यूबीटी) के उपनेता बबनराव घोलप शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। शिंदे ने कहा कि अगले दो दिन में राजस्थान के दो और विधायक पार्टी में शामिल होंगे। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में ज्यादा विस्तार से नहीं बताया। पिछले माह राजस्थान के बयाना से निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत शिवसेना में शामिल हो गई थीं। शिंदे ने राज्य के मंत्री दादा भुसे और महाराष्ट्र विधान परिषद की उपाध्यक्ष नीलम गोरे की मौजूदगी में घोलप का पार्टी में स्वागत किया। नासिक जिले से पांचवीं बार विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे घोलप के शिंदे खेमे में शामिल होने से उत्तर महाराष्ट्र में पार्टी की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। पूर्व विधायक संजय पवार भी शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए।

## पुणे का 22 वर्षीय युवक जहाज से लापता, कंपनी को नहीं है कोई जानकारी

पुणे। पुणे का प्रणव कराड नाम का युवक अमेरिका से लापता हो गया है. यह युवक अमेरिका में एक जहाज पर काम करता था। लेकिन अब प्रणव के परिवार को उसके अचानक गायब होने की जानकारी दी गई है. इन सबके चलते प्रणव का परिवार काफी परेशान है. मिली जानकारी के मुताबिक प्रणव विल्समैन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड में एक जहाज पर डेट कैडेट के रूप में काम करता है। उसके पिता ने कहा है कि प्रणव पिछले तीन दिनों से लापता है. मुंबई की एक कंपनी प्रणव की तलाश में जुट गई है. हालांकि उनके पिता ने यह भी कहा है कि प्रणव के लापता होने की सूचना देने के बाद मुंबई की कंपनी ने अब तक कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दी है. लापता युवक के पिता का नाम गोपाल कराड है. पुणे के वारजे इलाके में रहने वाले प्रणव कराड पिछले छह महीने से मुंबई में विल्समैन शिप मैनेजमेंट इंडिया में कार्यरत हैं। गोपाल कराड ने अपने 22 वर्षीय पुत्र प्रणव के शुक्रवार रात से लापता होने की शिकायत वारजे पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है. उसके परिवार ने जानकारी दी है कि जब वह लापता हुआ तो वह सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच चलने वाले एक टैंकर पर तैनात था। शुक्रवार को कंपनी के अधिकारियों ने उनके परिवार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद कंपनी ने मेल कर प्रणव के परिवार को इसकी जानकारी दी. प्रणव ने एमआईटी, पुणे से नॉटिकल साइंस में अपनी पढ़ाई पूरी की थी और विल्समैन शिप मैनेजमेंट में काम कर रहे थे। वह रिजॉल्व टू पर डेक कैडेट के रूप में तैनात थे। उनके पिता कहते हैं कि गुरुवार को हमें जहाज के अधिकारियों का फोन आया और फिर शुक्रवार को एक ईमेल मिला। प्रणव सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच जहाज से लापता हो गया है। कंपनी हमें बता रही है कि तलाश जारी है लेकिन वह कैसे लापता हुए इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं है। हमने गुरुवार को व्हाट्सएप कॉल पर उनसे बात की। कंपनी ने उनके साथ काम करने वाले अन्य लोगों के मोबाइल नंबर देने से इनकार कर दिया है। हमने प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश एवं जहाजरानी मंत्रालय तक पहुंचने में असमर्थ हैं। हम मदद के लिए पुणे और मुंबई में पुलिस और अन्य अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।

## उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

सागर। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तय की है। चुनावी खर्च के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने लोक जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों का उल्लेख किया है।

# कांग्रेस ने राजनीतिक पार्टी बने रहने का नैतिक अधिकार गंवाया, अनुच्छेद 370 पर मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी पर बीजेपी ने कसा तंज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने को लेकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने राजनीतिक पार्टी बने रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने को लेकर खरगे द्वारा भाजपा पर तंज कसे जाने के एक दिन बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस पर हमले तेज कर दिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया, ''कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजस्थान में कहा कि अनुच्छेद 370 हटने से क्या फर्क पड़ता है? यदि कोई पार्टी कहती है कि कश्मीर के एकीकरण से अन्य राज्यों में उसे क्या फर्क पड़ता है तो यह स्पष्ट है कि देश की एकता और अखंडता के लिए हर किसी के द्वारा ली गई शपथ के प्रति आपको (कांग्रेस को) कोई सम्मान नहीं है।''



भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अनुच्छेद 370 पर खरगे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस, 'जिसने राष्ट्रीय दल का दर्जा या अधिकार लगभग खो दिया है, अब नैतिक दृष्टिकोण से राजनीतिक दल होने का भी अधिकार खो चुकी है'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब खुद को 'क्षेत्रीय ताकतों का समूह' कह सकती है। त्रिवेदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त किए जाने के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय एकता के भाजपा के संकल्प को पूरा किया है जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में लिया गया था और उन्होंने इसके लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था। भाजपा नेता ने कहा, ''यह हमारी और उनकी (कांग्रेस की) सोच में अंतर है।''

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को खरगे की टिप्पणी को 'शर्मनाक' करार देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कांग्रेस को यह भी याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस पर हर राज्य और नागरिक का अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है। शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने 'एक्स' पर खरगे के भाषण की एक क्लिप साझा की, जिसमें उन्हें राजस्थान में अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में बात करने की वजह से सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए सुना जा सकता है। क्लिप में खरगे यह कहते सुने जाते हैं, ''अरे भाई, यहां के लोगों से (इसका) क्या वास्ता है?''

कांग्रेस प्रमुख ने अनुच्छेद 370 की जगह अनुच्छेद 371 का गलत उल्लेख भी किया। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया था। त्रिवेदी ने खरगे द्वारा संविधान के अनुच्छेद 371 का जिक्र किए जाने पर विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा, ''कांग्रेस शायद अब 370 से डर गई है और शायद हताशा में उन्होंने इसे 371 कह दिया।'' भाजपा नेता ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर ताजा हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह आरोप कि कांग्रेस के लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है, पूरी तरह सही है।

## आजादी के बाद पहली बार मतदान करेंगे बूढ़ा पहाड़ के लोग

गढ़वा (झारखंड)। जहां कभी दहशत का माहौल था, वहां अब लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने की खुशियां हैं। जी हां, देश की आजादी के बाद पहली बार बूढ़ा पहाड़ के लोग आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन की ओर से यहां के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिले के डीसी और एसपी खुद यहां पहुंचकर लोगों को उनके मताधिकार के महत्व व उसके प्रयोग की जानकारी दे रहे हैं। लोगों में भी अपने इस अधिकार के प्रयोग को लेकर उत्साह है। एक वर्ष पूर्व सुरक्षा बलों ने गढ़वा जिले में स्थित बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों के चंगुल से आजाद कराया था। बताया जाता है कि अभी तक दहशत में रहे यहां के लोगों ने अब तक कभी मतदान ही नहीं किया है। इस बार लोकसभा चुनाव मे यहां मतदान कराने को लेकर डीसी, एसपी और सीआरपीफ के अधिकारियों ने विशेष तैयारी की है। यहां 13 मई को मतदान होना है। चुनाव आयोग के निर्देश पर डीसी और एसपी यहां खुद पहुंचे और ग्रामीणों से बगैर किसी भय के मतदान की अपील की। कभी दिन रात नक्सलियों की बंदूकों की तड़तड़ाहट और बम धमाकों की आवाजें सुनने वाले यहां के बच्चों को अब कविताएं सुनाई जा रही हैं। दहशत का स्थान अब पेंसिल ने ले लिया है। स्कूलों में जा रहे बच्चे अब बड़े प्यार से पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों के मुख से क से कबूतर ए से एप्पल और टू वन जा टू, टू टू जा फोर आदि सुनकर अधिकारियो ने भी खुशी जाहिर की। एसपी ने बताया कि उन्होंने बगैर किसी भय के लोगों से मतदान की अपील की है। उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। डीसी ने कहा कि कभी नक्सलियो के कैद में रहे इस इलाके में अब विकास कार्य हो रहे हैं। हमने सभी से लोकसभा चुनाव मे मतदान की अपील की है। कभी भाकपा माओवादियों के इस गढ़ में आज शांति का संगीत सुनाई दे रहा है। हालांकि अभी भी सुरक्षा जवान 24 घंटे अलर्ट पर रहते हैं। लोगों में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने को लेकर उत्साह व उमंग है।

# कन्हैया का 400 पार पर तंज.... पेट्रोल 100 रुपये पार क्यों गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के '400 पार' के नारे को धारणा बनाने की कवायद और वास्तविकता बदलने का कुत्सित प्रयास करार देकर कहा है कि भाजपा को हार का डर है, इसवजह से भाजपा देश को धोखा देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता कुमार ने सवाल भी किया कि जो नेता कांग्रेस में रहकर चुनाव नहीं जीत सकते, उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के लिए भला क्या उपयोगिता है?



उन्होंने कहा कि पहले सत्ता में रहे दलों की कहीं न कहीं यह ''विफलता'' रही कि लोग 'भाजपा के अतिवाद' की तरफ आकर्षित हो गए, लेकिन यह स्थिति कभी भी बदल सकती है, क्योंकि भारत का समाज प्रेम, समानता, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता के साथ खड़ा होता है। यह पूछने पर कि भाजपा '400 पार' का नारा दे रही है, तब यह नहीं लगता कि विपक्ष कहीं पीछे छूट रहा है, उन्होंने कहा, ''इस बात में ही भाजपा की हताशा झलकती है, हार का डर झलकता है। क्या आपने सुना है कि भारतीय क्रिकेट टीम आस्ट्रेलिया से मैच खेलने गई हो और मैच से पहले कह रही हो, 400 पार।

कुमार ने दावा किया कि 'परसेप्शन मैनेजमेंट' से वास्तविकता को बदलने की कोशिश की जा रही है। अगर 400 पार हो ही रहा है, तब फूंके हुए कारतूसों को अलग-अलग जगह से अपनी पार्टी में शामिल कराने का क्या मतलब है? कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि अगर कोई कांग्रेस में रहकर चुनाव नहीं जीत रहा है, तब भाजपा में उसकी क्या उपयोगिता है?

उन्होंने कांग्रेस के कई नेताओं के पाला बदलने का हवाला देकर कहा, ''आप जिन लोगों को बुरा-भला कहते थे अब उनकी तारीफ कर रहे हैं। कई लोग थे जिन्हें राष्ट्रविरोधी शब्द से संबोधित किया जाता था, लेकिन अब वे भाजपा में हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा को बेशर्मी की खदान हाथ लग गई है जब मौका मिलता है, थोड़ी बेशर्मी निकाल लाती है। जो टीवी स्टूडियो में मुर्गे की तरह लड़ रहे थे, एक अब एक तरफ जाकर बैठे हैं।''

उन्होंने दावा किया, क्या यह 400 पार का आत्मविश्वास है? यह धोखा है। कोई पूछे नहीं है कि पेट्रोल 100 के पार क्यों चला गया, इतनी महंगाई क्यों है? कुमार ने कहा, ''कहते हैं कि अर्थव्यवस्था पांच हजार अरब डॉलर के पार जा रही है। अगर ऐसा है, तब 80 करोड़ लोग कौन हैं जिन्हें मुफ्त का अनाज दिया जा रहा है और सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है।''

उन्होंने कहा, ''वास्तविकता छिपाने का बार-बार प्रयास किया जा रहा है। यह देश के उन लोगों का अपमान है जिन्हें मत देना है। अगर पहले से तय है कि सीट 400 पार होनी ही हैं, तब चुनाव क्यों करा रहे हैं?'' कांग्रेस इस अवधारणा को समझ रही है। इस तरह (अटल बिहारी) वाजपेयी जी के समय में 'इंडिया शाइनिंग' की धारणा पैदा की गई थी, लेकिन चुनावी नतीजे आए, तब पता चला कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) की सरकार चली गई और संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) की सरकार बनी।''

कांग्रेस नेता कुमार ने कहा, जो पुरानी पार्टियां हैं, जो सत्ता में रही हैं उनकी विफलता को हम छिपाने का प्रयास नहीं कर रहे। कहीं न कहीं हमारी विफलता है। यह बात कैमरे के सामने स्वीकार करते हैं। अगर हम अपनी चीजों को जनता तक उनकी में लेकर जाते, विश्वास को बनाकर रखते, तब लोग अतिवाद की तरफ नहीं जाते क्योंकि अतिवाद इस समाज का स्वभाव नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह बदलेगा। अंततः समाज प्रेम, समानता, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता के साथ जाता है।

## पीएम मोदी के बयान पर तेजस्वी का पलटवार... क्या भाजपा का विरोध भगवान का विरोध हो गया



**नवादा (एजेंसी)।** बिहार के नवादा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में इंडी एलायंस और आरजेडी पर सनातन धर्म के अपमान का आरोप लगाकर उन्हें सनातन विरोधी बताया। अब पूर्व डिप्टी सीएम और पूर्व सीएम लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया देकर कहा कि पीएम के पास और कुछ नहीं है, उनके पास क्या सबूत है इस बात का, हम और आप हिंदू नहीं हैं क्या?

तेजस्वी ने कहा, मेरे घर में मंदिर है, हमलोग पूजा नहीं करते हैं क्या ? ये दिखानी वाली बात हैं क्या, हम क्या विरोधी हैं। जितने भाजपा के नेता हैं, वे अपने आपको भगवान समझ रहे हैं क्या? उनका विरोध कर रहे हैं,तब ये भगवान का विरोध कैसे हुआ। भाजपा के लोग अपनी तुलना भगवान से न करें। भगवान सब देख रहे हैं और सभी को वहीं जाना है।

बता दें कि नवादा से बीजेपी विवेक ठाकुर उम्मीदवार हैं और उन्हीं के प्रचार के लिए पीएम मोदी शनिवार को नवादा पहुंचे थे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते कहा, पिछले दिनों अयोध्या में बनी राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, जिसमें विपक्ष के कई दलों ने हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने कहा, मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा, आज राम मंदिर का शिखर आसमान छू रहा है। जो पांच सौ वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कांग्रेस और आरजेडी वर्षों तक कोशिश की, वहां बनकर तैयार हो गया। देशवासियों के पैसों से मंदिर बना है, देशवासियों ने बनाया है।

पीएम मोदी ने कहा, इंडी गठबंधन के लोगों की क्या दुश्मनी है, प्रभु राम, अयोध्या और हमारी विरासत से कि इन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया। इतना ही नहीं, इनके मन में इतना जहर भरा है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग प्राण प्रतिष्ठा में आ गए, तब उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। राम नवमी आ रही है, ये पाप करने वालों को भूलना मत। इसपर प्रतिक्रिया देकर तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री को ऐसी बातें नहीं बोलनी चाहिए।

## निरुपम ने प्रियंका गांधी पर साधा निशाना– बोले राजस्थान में दिखी कांग्रेस में आपसी टकराहट

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस से निलंबित किए गए संजय निरुपम अब कांग्रेस को बार बार निशाने पर ले रहे हैं। हाल ही में कांग्रेस की जयपुर में हुई चुनावी सभा पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रियंका गांधी का भाषण सुनकर लग रहा था कि वे पूर्व सीएम अशोक गहलोत को ट्रोल कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा उठाया। ऐसा लगता है कि उन्हें यह लगा कि वह यूपी में बोल रही हैं। या फिर वह गहलोत को ट्रोल कर रही होंगी। या नहीं तो यह पार्टी के अंदर पावर सेंटर के बीच टकराव का असर है। आपको बता दें कि गहलोत के शासन के दौरान पेपर लीक एक ज्वलंत मुद्दा रहा।

संजय निरुपम का कांग्रेस से निष्कासन तब हुआ जब उन्होंने दावा किया कि उन्होंने पहले ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल के पांच शक्ति केंद्र हैं। ये कभी कभी लॉबी एक-दूसरे से टकराती हैं। निरुपम इस बात से नाराज थे कि मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जा रहा था। कांग्रेस ने यह सीट उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना) को चुनाव लड़ने के लिए दे दी। शिवसेना ने अमोल किरीटकर को उम्मीदवार घोषित किया था, जिन्हें संजय निरुपम ने खिचड़ी चोर कहा था।

संजय निरुपम ने तुरंत अपने अगले कदम के बारे में खुलासा नहीं किया, लेकिन एकनाथ शिंदे की सेना ने कहा कि उनके एक या दो दिनों में पार्टी में शामिल होने की उम्मीद है।

## देश में गर्मी दिखा रही असर, यूपी के कई शहरों में पारा 40 पार

**– पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी की संभावना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अप्रैल माह चल रहा है और यूपी के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री के पार है। मौसम विभाग के अनुसार अगर ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो मई-जून में यूपी का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के भी ऊपर जा सकता है। आज यूपी के कुछ शहरों में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

उत्तर भारत में पड़ रही भयंकर गर्मी के बीच मौसम विभाग ने बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम के विभाग के अनुसार पूर्वोत्तर भारत में अगले पांच दिनों तक बारिश और तूफान की स्थिति बनी रहेगी। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में बिजली कड़कने के साथ ही बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां भी गर्मी लोगों को बैचेन कर रही है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री ज्यादा था। यहां आज पूरे दिन मौसम साफ बना रहा रहेगा। वहीं अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की संभावना है। वही हवा 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से चलेगी।




### उत्तराखंड में बर्फबारी की चेतावनी

पहाड़ी इलाकों की बात करें तो पहाड़ों में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाके देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं गरज के साथ बिजली चमकने की चेतावनी दी की है। वहीं ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार

छत्तीसगढ़ में गर्मी अपना असर दिखा रही है लोगों को बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि मौसम विभाग 6 और 7 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है।

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पूरी दुनिया में उपवास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी का विरोध भारत ही नहीं बल्कि समूची दुनिया में हो रहा है। रिहाई की मांग को लेकर इस उपवास की शुरुआत शहीद सरदार भगत सिंह के गांव खटखड़कलां से हो रही है। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के मंत्री,सांसद,विधायक,पार्षद सहित तमाम कार्यकर्ता जुटेंगे। आप नेता गोपाल राय ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई प्रधानमंत्री की रैली का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि मोदी बोल रहे थे कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहता है और वह भ्रष्टाचार को मिटाना



चाहते हैं, लेकिन पूरा देश देख रहा है कि उन्होंने अजीत पवार, अशोक चौव्हाण, छगन भुजबल पर खुद भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, अब वह उन लोगों को बचाने में लगे हुए हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों में आक्रोश है। राय ने कहा कि इस गिरफ्तारी के खिलाफ अब एक जनआंदोलन बनेगा।

आम आदमी पार्टी के गोपाल राय ने बताया कि विदेश में अमेरिका के बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वॉयर, लॉस एजेंलिस के हॉलीवुड साइन, सेन फ्रांसिस्को के लेक एलिजाबेथ, वॉशिंगटन डीसी के इंडियन एंबेसी, टैक्सस के डलास में महात्मा गांधी मेमोरियल प्लाजा, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर, कनाडा के टोरंटो में ब्राम्पटन सिटी हॉल, वैनकुवर के हॉलैंड पार्क डाउनटाउन, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में फेडरेशन स्क्वायर, इंग्लैंड के लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर, जर्मनी के बर्लिन में ब्रैनडनबर्ग गेट और नॉर्वे के ओस्लो में नॉर्वेजियन पार्लियामेंट में सामूहिक उपवास का कार्यक्रम होगा।

गोपाल राय ने बताया कि उत्तराखंड के देहरादून में जैन धर्मशाला प्रिंस चौक, उत्तर प्रदेश में लखनऊ के विधायक पुरम, महाराष्ट्र के मुंबई में गांधी स्थल, राजस्थान के जयपुर में शहीद स्मारक पार्क, बिहार के पटना में गांधी मैदान, झारखंड के रांची में बापू वाटिका ऐतिहासिक मुरादाबादी मैदान, तेलंगाना के हैदराबाद में इंदिरा पार्क, केरल के त्रिवेंद्रम में जीपीओ जंक्शन, तमिलनाडु के चेन्नई में रुकमणी लक्ष्मीपति सलाई, आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में गांधी स्टेच्यू, ओडिशा के भुवनेश्वर में धरना प्लेस, पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रानी रश्मोनी दौरमोटाला, मध्य प्रदेश के भोपाल में रोशनपुरा चौहरा, जम्मू में हरि सिंह पार्क, कश्मीर में मारुति ड्राइविंग इंस्टीट्यूट, गुजरात के अहमदाबाद में स्टेट ऑफिस, पंजाब में शहीद भगत सिंह के गांव खटखड़कलां, कर्नाटक के बेंगलुरु में अंदर फ्रीडम पार्क, गोवा के आजाद मैदान और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में सदाचार स्थल अर्जुन चौक समेत अन्य जगहों पर सामूहिक उपवास का कार्यक्रम होगा।

# आरती सिंह

## दुल्हन बनने को तैयार, शादी की डेट हुई रिवील, इस दिन अपने बॉयफ्रेंड संग लेंगी सात फेरे



'बिग बॉस 13' फेस टीवी एक्ट्रेस आरती सिंह आज 5 अप्रैल को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया हैं. वहीं एक्ट्रेस बीते कई दिनों से अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. वहीं अब उन्होंने खुद इस बात पर मुहर लगा दी है. जी हां, आरती सिंह ने जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं.

**आरती सिंह ने रिवील किया अपने हमसफर का चेहरा**

आरती सिंह ने अपने बर्थडे पर फैंस को एक खास तोहफा दिया है. उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड दीपक चौहान के साथ फोटो शेयर करते हुए शादी की तारीख भी रिवील की है. गोविंदा की भांजी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने होने वाले पति दीपक चौहान के साथ एक बेहद रोमांटिक फोटो शेयर की है.इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है कि दीपक की आरती. 20 दिनों बाद हम हमेशा के लिए एक हो जाएंगे. यानी कि 25 तारीख को आरती अपने बॉयफ्रेंड के साथ शादी रचाने वाली हैं.

**फैंस ने जमकर लुटाया प्यार**

एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है. फैंस लगातार कपल को बधाइयां दे रहे हैं. किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि %वाह क्या नाम है... आरती हमेशा दीपक में ही होती है. दोनों का साथ तो हमेशा से है. एक के बिना दूसरा अधूरा है...% वायरल हो रही इस फोटो में दोनों एक दूसरे दी बाहों में खोए हुए नजर आ रहे हैं. फैंस एक्ट्रेस की इस फोटो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं.

**शादी से पहले खरीदा घर**

बता दें कि हाल ही में आरती ने एक और गुड न्यूज फैंस के साथ शेयर किया था. दरअसल, शादी से पहले नया घर खरीदा है, जिसकी कई सारी तस्वीरें आरती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थीं. इन तस्वीरों में आरती से हाथ में इंगेजमेंट रिंग भी देखी गई थी, जिसके बाद से खबरें आने लगी कि आरती सिंह चोरी छिप्पे सगाई कर ली है.

**इन सीरियल में आ चुकी हैं नजर**

वहीं आरती सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें उन्हें %उड़ान%, मायका, वारिश, ससुराल सिमर का, उतरन, और परिचय जैसी सीरियल्स में देखा जा चुका है.

# सुष्मिता सेन

## 48 की उम्र में शादी के बंधन में बंधने को तैयार, हमसफर में ये गुण खोज रही हैं एक्ट्रेस



सुष्मिता सेन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चा बटोरती हैं। एक्ट्रेस का नाम कभी ललित मोदी तो कई बार रोहमन शॉल के साथ जुड़ता है। वहीं, अब 48 साल की सुष्मिता सेन ने अपनी शादी को लेकर बात की है और बताया कि उनका वेडिंग प्लान क्या है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने शादी के बाद अपने एक्स ब्वायफ्रेंड्स के साथ रिश्ता रखने पर भी बात की।सुष्मिता सेन ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा कि वो उनकी पर्सनल लाइफ एक खुली किताब रही है, क्योंकि उन्होंने इसे ईमानदारी से जिया है।

**खुलकर जिंदगी जीती हैं सुष्मिता**

सुष्मिता सेन ने इंडल्ज को दिए इंटरव्यू में कहा, मेरी जिंदगी निश्चित रूप से एक खुली किताब रही है, क्योंकि मैंने इसे बहुत ईमानदारी से और कई बार निडर होकर जिया है, लेकिन गरिमा एक ऐसी चीज है जो आपके जीवन के सिर्फ एक पहलू में ही नहीं दिखती है – ये है कि आप कौन हैं।

इसलिए, आप जो भी निर्णय लेते हैं, चाहे वो फिर किसी ने आपको चोट पहुंचाया, चाहे आपके साथ विश्वासघात किया हो, या आपकी गलती हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।


**इस शर्त पर शादी करेंगी सुष्मिता**

सुष्मिता सेन ने शादी करने के सवाल पर बात करते हुए कहा कि वो हमेशा से इसके लिए तैयार हैं। एक्ट्रेस ने कहा, ओह बिल्कुल ! ये कभी भी कभी नहीं वाली स्थिति नहीं थी। बायोलॉजिकल क्लॉक हो या सोसायटी के मापदंड, ये कभी भी शादी करने का सही कारण नहीं होता है। जहां तक मेरा सवाल है, अगर सामने वाला सही है और मेरे सभी मानकों पर खरा उतरता है, तो जरुर में शादी के बंधन में बंधन जाऊंगी।

**एक्स के साथ दोस्ती पर सुष्मिता की राय**

सुष्मिता सेन ने शादी के बाद एक्स ब्वॉयफ्रेंड्स के साथ दोस्ती रखने पर कहा, बिल्कुल, लेकिन मुझे लगता है कि ये मुश्किल और उलझाने वाला है। काफी लोग अपने एक्स के साथ बाद में दोस्ती रखते हैं, लेकिन कहां रेखा खींचनी है ये भूल जाते हैं, लेकिन कई लोग सिर्फ दोस्त भी होते हैं, क्योंकि मैंने खुद देखा है। मैं खुशनसीब हूं कि मेरे जिंदगी में भी ऐसा है।

## नागिन के बाद अब निया शर्मा बनेंगी 'चुड़ैल', सीरियल का नाम सुनकर नहीं रुकेगी आपकी हंसी



साल 2020 में निया शर्मा को 'नागिन' सीरियल में देखा गया था. एकता कपूर के इस सीरियल के सीजन 4 में निया इच्छाधारी नागिन की प्रमुख भूमिका निभाते हुए नजर आई थीं. अब 4 साल बाद टेलीविजन की ये कंट्रोवर्सी क्वीन छोटे पर्दे पर अपनी वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. निया शर्मा कलर्स टीवी के फैंटसी फिक्शन शो 'सुहागन चुड़ैल' से टीवी पर अपना कमबैक करने जा रही हैं. खुद निया शर्मा की तरफ से इस बात की पुष्टि की गई है. और अपने नए शो को लेकर टेलीविज़न की ये बोल्ड एक्ट्रेस बेहद एक्साइटेड हैं.टीवी9 हिंदी डिजिटल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस सीरियल के शुरुआती ट्रैक में निया शर्मा को विलेन के रूप में दिखाया जाएगा. 'सुहागन चुड़ैल' एक सुहागन का पति छीनने वाली खुबसूरत चुड़ैल की कहानी होगी. अब तक इस सीरियल के लिए सिर्फ निया शर्मा की कास्टिंग हुई है. बाकी दो एक्टर्स को आने वाले हफ्ते में फाइनलाइज किया जाएगा. कास्टिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले 15 दिनों में इस सीरियल की शूटिंग शुरू हो सकती है. निया शर्मा के फैन्स जिन्हें 'निया मैनियाक' के नाम से भी जाना जाता है, वे सभी उनके टीवी के कमबैक को लेकर बेहद उत्सुक हैं.

**रियलिटी शो में आजमाई थी अपनी किस्मत**

निया शर्मा टीवी की वो मशहूर एक्ट्रेस हैं, जिन्हें बिग बॉस का हर सीजन ऑफर किया जाता है. लेकिन हर साल निया इस शो में शामिल होने से इनकार कर देती हैं. हालांकि बिग बॉस से इनकार करने वाली निया शर्मा अब तक 'खतरों के खिलाड़ी' और 'झलक दिखला जा' जैसे रियलिटी शो में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं. लेकिन इन दोनों शो में निया कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई. अब 'सुहागन चुड़ैल' से टीवी की ये बोल्ड एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस क्या कमाल करने वाली हैं, ये देखना दिलचस्प होगा.

## अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' तोड़ेगी प्रभास की 'बाहुबली 2' का ये रिकॉर्ड? देखता रह जाएगा 'सिंघम'



15 अगस्त का दिन सिनेमा प्रेमियों के लिए जबरदस्त होने वाला है. साउथ की मच अवेटेड फिल्म का सीक्वल 'पुष्पाः द रूल' आ रही है. अल्लू अर्जुन की तैयारी पूरी है. लेकिन राह में कांटे बिछाने के लिए अजय देवगन भी उतर रहे हैं. उनकी 'सिंघम अगेन' को भी उसी दिन सिनेमाघरों में लाया जाएगा. कौन किसकी मुसीबत बढ़ाता है ये जानने का अभी फैन्स को काफी इंतजार करना होगा. लेकिन अल्लू अर्जुन की फिल्म रिलीज के 4 महीने पहले से ही हर तरफ छाई हुई है. साउथ से ज्यादा इंतजार तो हिंदी बेल्ट वाले इस पिक्चर का कर रहे हैं. यही वजह है कि, 'बाहुबली 2' का सबसे बड़ा रिकॉर्ड तोड़ना भी अब पुष्पा राज के लिए मुश्किल नहीं है.

हाल ही में 'पुष्पा 2' का एक पोस्टर जारी किया गया था. इससे पता लगा कि, अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर यानी 8 अप्रैल को फैन्स को बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है. ये 'पुष्पा'राज के रूल की पहली झलक होगी. जिसका न जानें कब से हर कोई इंतजार कर रहा था. अब फाइनली कुछ दिन बाद वो आने वाला है.

**खतरे में 'बाहुबली 2' का ये रिकॉर्ड**

अल्लू अर्जुन की 'पुष्पाः द राइज' साल 2021 में आई थी. थिएटर्स में कोविड के सख्त नियमों के बावजूद फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला. खासकर बात अगर हिंदी बेल्ट की करें तो ये पिक्चर ब्लॉकबस्टर रही. बॉक्स ऑफिस पर खूब पैसे पीटे और लंबे वक्त तक सिनेमाघरों में लगी रही. फिल्म ने छोटी स्क्रीन्स पर भी अच्छा परफॉर्म किया. डायलॉग से लेकर गानों और पुष्पा'राज' तक, सबकुछ ट्रेंड कर रहा था. दुनियाभर में फिल्म का काफी क्रेज देखने को मिला. ये एक मॉर्डन-डे कल्ट बन चुकी है.

'पुष्पा द रूल' की हाल ही में शूटिंग खत्म हुई है. ये पोस्ट प्रोडक्शन स्टेज पर है. पिक्चर 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली है. बीते कुछ वक्त से फिल्म का काफी बज बना हुआ है. हाल ही में कोई मोई डॉट कॉम की एक रिपोर्ट सामने आई है. इसके मुताबिक, अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' प्रभास की 'बाहुबली 2' का रिकॉर्ड तोड़ सकती है. ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि, 'पुष्पा 2' का हिंदी डब वर्जन 500 करोड़ रुपये के आसपास का कारोबार कर सकता है. दरअसल एस एस राजामौली की 'बाहुबली 2' के हिंदी वर्जन ने शानदार परफॉर्म किया था. इसने 511 करोड़ रुपए कमाए थे. ये एकलौती हिंदी डब साउथ फिल्म है, जो 500 करोड़ के क्लब में शामिल हुई है.हालांकि, अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' से क्लैश होगा. दोनों ही फिल्मों को इससे नुकसान उठाना पड़ सकता है. लेकिन अजय देवगन के लिए खतरा थोड़ा ज्यादा है, क्योंकि हिंदी बेल्ट में भी अल्लू अर्जुन की तगड़ी फैन फॉलोइंग है.

# द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट कांग्रेस ने रोका, इसे धरातल पर उतारेंगे: मंजू शर्मा

## विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जनता ने आईना दिखाया, लोकसभा चुनावों में भी देगी जवाब: अरूण चतुर्वेदी

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। लोकसभा जयपुर भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज सिविल लाईंस विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क किया। उनके जनसंपर्क कार्यक्रम और स्वागत सभाओं में महिलाओं की भारी भीड नजर आई। सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं में मंजू शर्मा के प्रति विशेष लगाव नजर आया। आज पूरे दिन प्रचार की कमान भी महिलाओं ने ही संभाली और जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान सोडाला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुए स्वागत कार्यक्रमों तथा जनसभाओं में मंच भी महिलाओं ने ही संभाला और मंजू शर्मा की जीत के लिए आमजन से भाजपा को वोट देने की अपील की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कई महिलाएं साफा लगाए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के साथ कदम से कदम मिलाती नजर आई। दिनभर चले प्रचार कार्यक्रम के तहत करीब एक दर्जन स्थानों पर जनसभाओं का भी आयोजन किया गया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि राज्य में अब डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। सभी लोगों को लोकसभा चुनावों में भाजपा को सभी सीटों पर जीत का तोहफा देना है। उन्होंने कहा कि सिविल लाइंस क्षेत्र में अमानीशाह नाले के निकट अनियोजित बसावट के कारण लोगो को परेशानी उठानी पड रही है, सांसद बनने के साथ ही उनका पहली प्राथमिकता प्लान बनाकर सुव्यवस्थित बसावट की रहेगी। वहीं द्रव्यवती नदी प्रोजेक्ट को पिछले कांग्रेस सरकार ने बंद कर दिया था, इस पर जल्द ही वापस काम शुरू करवाया जाएगा। यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरने के बाद यहां द्रव्यवती नदी के आस पास रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में परिवर्तन आ जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र में यातायात की समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की योजना पर काम होगा जिससे लोगों को बार बार यातायात जाम के कारण होने वाली समस्याओं से निजाद मिल सके। केन्द्र सरकार की योजनाएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे, आईआईटी, एम्स, आईआईएम, हर घर नल जैसी योजनाओं से आम आदमी को फायदा पहुंचा है। आज 80 करोड़ लोगों को देश में राशन मिल रहा है। 60 करोड़ को 5 लाख का बीमा, 12 करोड़ किसानों को पेंशन, 12 करोड़ परिवारों को शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला, ढाई करोड़ लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इन योजनाओं को दायरा तब तक बढता रहेगा जब तक देश और प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को इनका लाभ नहीं मिल जाता।



पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि अभी तीन माह पहले ही विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को आईना दिखाया है, अब लोकसभा चुनावों में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर आमजन कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करते हुए विश्व के सर्वमान्य और शक्तिशाली नेता के रूप में भारत का गौरव विश्व में बढ़ाया है। भाजपा ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में लोकतंत्र की जड़े मजबूत की है। भाजपा की सभी योजनाएं आमजन के हितों के लिए तैयार होती है जबकि कांग्रेस शासन में उनकी योजनाएं धर्म और जाति के हिसाब से बनाई जाती थी।

इस दौरान सिविल लाईंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में पूरे क्षेत्र में अराजकता का माहौल था, असामाजिक तत्वो के कारण आमजन का यहां जीना मुहाल था लेकिन भाजपा शासन में अराजतकता पर लगाम लगाई गई है वहीं अब अपराधी यहां पुलिस के नाम से खौफ खा रहे है। पूरे जयपुर में संगठित अपराध पर लगाम लग गई है। कांग्रेस गरीबों को भूखा मारती है और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती है। ये कांग्रेस के लोग हमारे इतिहास और विरासत पर ही प्रश्न खड़ा करने का प्रयास करते हैं। अब ये नया राजस्थान है यहां लोग अपनी सुरक्षा और देश की सीमा की सुरक्षा करना भी जानते है। कांग्रेस चाहती ही नहीं कि समस्या का समाधान हो, कांग्रेस खुद अपने आप में समस्या है। देश में आज स्वच्छता का वातावरण है। नक्सलवाद खत्म, आतंकवाद खत्म, कश्मीर में पत्थरबाजी खत्म, अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, लाखों लोग घूमने कश्मीर जा रहे हैं, वैष्णो देवी जा रहे हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का कमाल है जो विश्व की महाशक्ति होने का दंभ भरने वाले देश भी अब भारत की तरफ देख रहे है।

### ● पुजारी संघ ने की समर्थन की घोषणा

वहीं भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा की जनसभाओं और स्वागत कार्यक्रमों में विभिन्न समाजों के लोग समर्थन की घोषणा कर रहे है। इस क्रम में आज राजस्थान पुजारी संघ ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा करते हुए समाज के लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की है। वहीं अखिल भारतीय विप्र महासंघ ने भी मंजू शर्मा को समर्थन देने की घोषणा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्थक मानव कुष्ठाश्रम शिष्टमंडल की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के शिष्टमंडल द्वारा आज महामहिम राज्यपाल, राजस्थान, श्री कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की गई तथा उन्हें आश्रम परिसर स्थित श्री राम मंदिर में आगामी रामनवमी के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित भी किया गया. भेंट करने वाले शिष्टमंडल में संस्था के अध्यक्ष सुरेश कौलकौल, सचिव भैरव दत्त एवं अन्य कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति सम्मिलित थे. संस्था अध्यक्ष सुरेश कौल ने राज्यपाल महोदय को संस्था द्वारा वर्तमान में संचालित की जा रही एवं आगामी परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था शीघ्र ही गलता आश्रम के संशाधनों का सदुपयोग करते हुए कुष्ठ प्रभावितों के साथ साथ समाज के अन्य वंचित वर्ग के व्यक्तियों जिनके पास साधन सुविधाओं का आभाव है, के जीवन यापन एवं उनके कौशल विकाश के लिए नई अभिनव परियोजना प्रारम्भ करने जा रही है, जिससे इनका भी सर्वांगीण विकास हो सके। इस परियोजना को पूर्णतया स्वावलम्बी बनाने के लिए एस्ट्रिड मुकली, अध्यक्ष, लेबेन ओहने लेप्रा, जर्मनी ने आश्वस्त किया है।

### जवाहर नगर मंडल में टिफिन बैठक का आयोजन




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव के अंतर्गत पार्टी द्वारा चलाए गए अभियान के तहत विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर के मार्गदर्शन में आदर्श नगर और जवाहर नगर मंडल में कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए रवि नैय्यर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे जनसेवा व देशहित के महायज्ञ को जारी रखने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में जनता का आशीर्वाद लेकर देश में मोदी जी के नेतृत्व में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी होगी। दस वर्षों की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाना होगा और प्रत्येक बूथ पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर चलना होगा।*

रवि नैय्यर ने आगे कहा कि टिफिन बैठक, नुक्कड़ सभा, एवं चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर आयोजित करें एवं अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें तथा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करें और बताएं कि भाजपा जो कहती है वो करती है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाकर और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण करवाकर पार्टी ने अपना संकल्प पूरा किया है। पार्टी के कार्यक्रमों में आम जनता की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी बढ़ा कर मोदी जी द्वारा शुरू की गई देशहित की योजनाओं की चर्चा करने से लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

*आदर्श नगर एवं जवाहर नगर मंडलों में आयोजित टिफिन बैठक में जिला महामंत्री कुलवंत सिंह, पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार रोहिल्ला, कार्यालय प्रभारी एल के चौधरी, राकेश खंडेलवाल, जिला मंत्री अलका खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जैन और के एम पारीक, महिला मोर्चा अध्यक्ष विजेता सैनी, पार्षद श्याम सुंदर सैनी और नीरज अग्रवाल, महामंत्री किशोर मोतयानी व प्रवीण मदान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राहुल श्रीवास्तव, महेंद्र जुनेजा, महेश ठाकुरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जयपुर पहुंचने पर प्रो.गौरव वल्लभ का सम्मान

**● रोज-रोज सनातन, अडानी, अंबानी को गालियां नहीं दे सकता**




**चमकता राजस्थान/जयपुर।**

जयपुर। प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कहा कि मेरी अंतरात्मा लंबे समय से कचोट रही थी । मैने शीर्ष नेतृत्व को बार- बार समझाया भी कि सनातन को गालियां न दे। प्रभु राम को स्वीकारें। देश को विकास की राह पर आगे ले जाने वाले अडानी, अंबानी और सनातन को रोज -रोज गलियां देना बंद करें पर किसी ने एक नहीं मानी, लिहाजा मुझे कांग्रेस को अलविदा कहना ही पड़ा। भाजपा में आया हूं तो और कुछ करूं या ना करूं ,लेकिन 2045 में विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान अवश्य दूंगा।

प्रोफेसर गौरव वल्लभ रविवार को जयपुर में एक सम्मान समारोह में बोल रहे थे। सम्मान समारोह का आयोजन कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर आज ही भाजपा में शामिल हुए अशोक अवस्थी, भाजपा कार्यकर्ता मनोज पांडे , सुशील पीरनगर ने किया था। समारोह में सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर से बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा के सुपुत्र ऋषि शर्मा,केदार शर्मा,प्यारे लाल शर्मा, सतीश शर्मा, अजय पारीक, नरेंद्र कुमार हर्ष, पुष्पेंद्र शर्मा,रोशन लाल शर्मा,कृष्ण गुर्जर, मुद्दित शर्मा, कृष्ण दीप गुप्ता,महिपाल सिंह राठौड़ प्रशांत मिश्रा सुरेंद्र सिंह शेखावत चंद्र राम सोलंकी विकास त्रिवेदी, गुड्डू गुर्जर, योगेश रावत, ललित शर्मा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

## हृदय स्वस्थ है, तो सब ठीक है डॉ. संजय मित्तल

**● संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर हुई हेल्थ टॉक का आयोजन**



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर 7 अप्रेल। हृदय स्वस्थ है तो सब ठीक है। हमारा शरीर 24 घंटे में से नींद के माध्यम से 8-10 घंटे आराम करता है। लेकिन हमारा हृदय लगातार अनवरत काम करता रहता है। इससे स्वस्थ रखना हम सबका सबसे बड़ा दायित्व है। हमें अपने खानपान और रहन सहन के माध्यम से इसे स्वस्थ रख सकते है। इसके लिये हमें 10 हजार कदम नियमित रूप से चलना चाहिए। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिये तेल और घी से बने पदार्थों से बचना चाहिए। क्योंकि आज पुरे विश्व में सबसे अधिक हृदय रोगी भारत में है। ऐसे में अपनी फिटनेस को ठीक रखने के लिये 1 घंटा व्यायाम, योग, स्विमिंग इत्यादी करने चाहिए। ये विचार आज मेदांता हॉस्पिटल दिल्ली के वाइस चेयरमैन डॉ. संजय मित्तल ने संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक श्री महेश मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर आयोजित ''हेल्थ टॉक'' में रखे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर हम हृदय रोग से बच सकते है। साथ ही हमें नियमित चैकअप भी करवाना चाहिए। कार्यक्रम के पूर्व में संस्कृति युवा संस्था के संस्थापक श्री महेश मिश्रा के चीत्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्पांजलि दी गई।

इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापित मुकेश मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर बडी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और डॉ. संजय मित्तल से हेल्थ टिप्स पर खुलकर चर्चा की तथा डॉ. मित्तल ने सभी प्रष्नो को जवाब सहृदयता से दिया।

## रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन !

**चमकता राजस्थान। जयपुर।**

हिंदू मुस्लिम एकता संगठन राजस्थान द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन विजयनगर कच्ची बस्ती शास्त्री नगर वार्ड नंबर 6 में किया गया !

संगठन की हवा महल अध्यक्ष अन्नू दराज ने बताया कि हर साल संगठन की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता रहा है इस आयोजन में 200 लोगों ने सिकरत करी हिंदू मुस्लिम एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मंडावरा ने बताया कि संगठन की तरफ से रमजान के पाक महीने में हर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं अहमानिषा बाबा की दरगाह पर भी रोजा इफ्तार की व्यवस्था संगठन के द्वारा की गई कार्यक्रम में अल्लिक ,सल्लू, अमन, किट्टू ,कैटरीना ,सोहेल मुस्कान, खुशी , ललिता,अनीता, सुफियान सहित काफी कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया



## पत्रकारिता सतत सीखने की प्रक्रिया : हितैषी

**● जार उदयपुर इकाई का होली व भारतीय नववर्ष मिलन सम्पन्न**

**● जार सदस्यों को वितरित किए गए पत्रकार जैकेट**

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। पत्रकारिता सतत सीखने की प्रक्रिया है। पत्रकारिता में ईमानदारी ही पत्रकार को सच्ची पहचान दिलाती है। शहर के पत्रकारों को तो कई तरह की सहूलियतें प्राप्त हो जाती है, हमें ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को आगे लाने पर विचार करना चाहिए।

यह बात वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी ने रविवार को उदयपुर के फतहसागर किनारे स्थित महाकालेश्वर मंदिर के सभागार में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की उदयपुर इकाई के तत्वावधान में आयोजित होली तथा भारतीय नववर्ष स्नेह मिलन समारोह में कही। उन्होंने सृजनात्मक व समाधानात्मक पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि सिर्फ समस्याओं को उठाकर ही पत्रकार का दायित्व पूरा नहीं हो जाता, अपितु समस्या के समाधान के विकल्प ढूंढ़कर प्रस्तुत करना भी पत्रकार का दायित्व है।



कार्यक्रम में जार के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रशेखर दाधीच ने पत्रकारों से जनसमस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने का आ''ान किया, वहीं वरिष्ठ पत्रकार नरेश शर्मा ने ग्रामीण पत्रकारों का भी यथोचित प्रोत्साहन की आवशयकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में जयपुर से आए नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) एनयूजेआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय सैनी ने कहा कि संगठन पत्रकार हितों को लेकर और भी संवेदनशील बने। उन्होंने कोरोनाकाल में दिवंगत हुए पत्रकारों के परिवारों को सहायता दिलाने में संगठन द्वारा निभाई गई भूमिका की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन को पत्रकार सुरक्षा सहित पत्रकारों के परिवारों की भी चिंता करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश महासचिव भाग सिंह, प्रदेश सचिव राजेश वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष नानालाल आचार्य ने भी विचार व्यक्त किए। उदयपुर जार इकाई के अध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप, महासचिव दिनेश भट्ट, कोषाध्यक्ष गोपाल लोहार, सह कोषाध्यक्ष दिनेश हाड़ा ने अतिथियों को उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जार उदयपुर इकाई की ओर से प्रतिमाह खोजपरक खबरों के लिए चयन किए जाने वाले शहरी व ग्रामीण जार सदस्यों को मासिक पुरस्कार समन्वयक हरीश नवलखा ने सम्मानित किया, जिनमें नारायण वडेरा (कोटड़ा), लीलेश सुयल (पलाना), नवरतन खोखावत व बाबूलाल ओड़ (उदयपुर) शामिल थे।

समारोह में अतिथियों ने जार उदयपुर इकाई द्वारा बनवाए गए पत्रकार जैकेट्स का लोकार्पण किया। बाद में सभी जार सदस्यों को जैकेट्स प्रदान की गई। इस दौरान युवा पत्रकारों ने जार की सदस्यता ग्रहण की, उनका भी स्वागत-सम्मान किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929